हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025



# संगठन में तनातनी का असर: युवा और महिला मोर्चा में नियुक्ति अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा ने युवा, महिला मोर्चा सहित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और किसान मोर्चा को लेकर जिला अध्यक्षों की ताजपोशी कर दी है, लेकिन राजनांदगांव जिले में संगठन के बीच चल रही तनातनी का असर है कि यहां युवा और महिला मोर्चा की नियुक्ति अटक गई है। बताया गया जो नियुक्ति अजा और अजजा मोर्चा में की गई है, उसको लेकर भी कई वरिष्ठ भाजपा नेता असंतुष्ट हैं। ऐसे में अब प्रदेशभर में राजनांदगांव भाजपा की किरकिरी देखने को मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश भाजपा ने दो दर्जन से अधिक जिलों में नियुक्ति के लिए पखवाड़ेभर पहले से तैयारियां शुरू कर दी थी। पार्टी सूत्रों की माने तो प्रदेश संगठन ने जिलों से 15 दिसंबर तक मोर्चा प्रकोष्ठों में नियुक्ति करने नाम मंगाए थे। जिला संगठन को कोर ग्रुप की बैठक कर और वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी कर ये नाम भेजने थे, लेकिन जिले में ऐसा किया ही नहीं गया। कुछ वरिष्ठ नेताओं ने यह भी बताया कि संगठन के कुछ जिम्मेदार लोग अपनी मनमानी करने में जुटे हुए हैं। इधर प्रदेश संगठन ने अनुसूचित जाति का जिला अध्यक्ष विजय राय, अनुसूचित जनजाति का जिला अध्यक्ष गोपाल भुआर्य और अल्प संख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ को बनाया है। वहीं महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष का एलान होना शेष है। बताया गया कि आने वाले दिनों में इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

## प्रदेश की टीम में कई चेहरे शामिल, अजा में विजय, अजजा में गोपाल बने जिला अध्यक्ष

### बिना बैठक तय किए नाम

जिला भाजपा संगठन के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि 15 दिसंबर तक संभावित नाम भेजने से पहले कोर ग्रुप की बैठक होनी थी, लेकिन जिला संगठन के जिम्मेदार लोगों ने बगैर कोर ग्रुप की बैठक किए 11 दिसंबर को ही कुछ नाम प्रदेश संगठन को भेज दिए थे। यह मामला सामने आने के बाद आनन-फानन में एक बैठक दो दिन पहले बुलाई गई थी। हालांकि उसमें भी किसी पद को लेकर कोई नाम नहीं लिए गए।




### मोनू बने प्रदेश भाजयुमो मंत्री

भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में जिले के कई नेताओं को स्थान दिया गया है। मौजूदा भाजयुमो जिला अध्यक्ष को प्रदेश भाजयुमो में मंत्री बनाया गया है। वहीं समीर श्रीवास्तव, श्रेणिक बोथरा, सौरभ चौहान, अशोक वर्मा सहित मुकेश साहू को भी प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। ऐसे ही महिला मोर्चा में भी जिले से आभा तिवारी, रेखा मेश्राम, कनक दुबे, प्रतिक्षा भंडारी, सुषमा कोठारी, किरण वैष्णव को शामिल किया गया है।

### उम्र बंधन बना चिंता का विषय

पार्टी सूत्रों की माने तो भाजयुमो जिला अध्यक्ष के लिए प्रखर श्रीवास्तव, पिंटू वर्मा जैसे नाम चल रहे थे, लेकिन 35 की जगह अब 32 साल की उम्र बंधन के चलते यह दावेदार रेस से बाहर हो गए हैं। अब जिला भाजयुमो अध्यक्ष के लिए नीरज यादव, चिंटू सोनकर, उज्जवल कसेर, आशुतोष सिंह सहित शिवम यादव जैसे नाम शामिल हैं। हालांकि नाम तय करने को लेकर भी जिला भाजपा में तनातनी देखने को मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### मोपेड़ में ले जा रहा था शराब, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोपेड़ में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में सोमनी पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 35 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु शराब परिवहन करने वाले आरोपी गैंदू उर्फ गेंदलाल पारधी 22 साल निवासी ग्राम बोईरडीह को ग्राम ककरेल के पास पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 35 पौवा शोले देशी प्लेन 6.3 बल्क लीटर कीमती 2800 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोपेड टीवीएस जुपीटर जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## माए एंगल




## एमपी आबकारी की सील, महाराष्ट्र से मंगाए गए थे नकली स्टीकर

# शराब की अवैध पैकिंग का गिरोह पकड़ाया, नकली स्टीकर भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी में करीबन आठ महीने पहले पकड़े गए नकली शराब यूनिट का अब तक मुख्य सरगना पुलिस के हाथों नहीं आया है। वहीं इस बीच अब ऐसा ही दूसरा मामला सामने आ गया है। इस बार भी डोंगरगढ़ ब्लॉक में ही आरोपियों द्वारा शराब की नकली पैकिंग की तैयारी की जा रही थी, जिस पर एक्शन लेते हुए पुलिस ने जहां तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इनसे नकली स्टीकर सहित बड़ी मात्रा में सामान की जब्ती की गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को मुखबीर के जरिये पुलिस को सूचना मिली। जिसके आधार पर टीम बनाकर एक्शन लेते ग्राम मुसराखुर्द शीतला मंदिर के पास स्थित एक मकान में दबिश दी गई। इस कार्रवाई में पुलिस द्वारा अवैध शराब के भंडारण एवं बिक्री की साजिश का समय रहते भंडाफोड़ किया गया। बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई, जहां दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर विधिवत तलाशी ली गई। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम बीरबल वर्मा पिता आनंद वर्मा 45 वर्ष निवासी ग्राम मुसराखुर्द, चन्द्रकांत उर्फ सोनू सेन पिता स्व. ख्याली राम सेन 28 वर्ष निवासी ग्राम छीपा जिला राजनांदगांव बताया। पकड़े गए आरोपी के निशानदेही पर तीसरा आरोपी बलबीर सिंह भाटिया देवरी महाराष्ट्र को पकड़ा गया।





### कई ब्रांड के लेबल पकड़ाए

आरोपी चंद्रकांत उर्फ सोनू के कब्जे से 1860 नग नकली स्टीकर, अन्य ब्रांडों के लेबल, लोहे के औजार, कैंची एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि राजपाल सिंह भाटिया निवासी देवरी महाराष्ट्र द्वारा शराब एवं नकली लेबल उपलब्ध कराए गए थे, जिन्हें बाजार में खपाने की योजना थी, किंतु राजनांदगांव पुलिस की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से बिक्री से पहले ही पूरे रैकेट का पर्दाफाश कर दिया गया।

### 60 लीटर शराब भी जब्त

घटनास्थल पर तलाशी के दौरान 161 मू स्पेशल व्हीस्की (28.980 बल्क लीटर) एवं 187 नग बॉम्बे स्पेशल व्हीस्की (33.660 बल्क लीटर) बरामद की गई। शराब के पौवों पर छत्तीसगढ़ आबकारी के नकली स्टीकर तथा ढक्कनों पर मध्यप्रदेश आबकारी का सील पाया गया। जिससे स्पष्ट हुआ कि शराब को अवैध रूप से छत्तीसगढ़ में बेचने की पूरी तैयारी थी। इसके अतिरिक्त बिना नंबर टीव्हीएस जुपिटर मोपेड, मोबाइल फोन, भारी मात्रा में नकली स्टीकर, लेबल एवं उपकरण जब्त किए गए।

### आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई

उक्त प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2), 59-क आबकारी अधिनियम तथा धारा 339, 336(3), 340(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से सभी को जेल दाखिल कर दिया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक डोंगरगढ़ संतोष जायसवाल, प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय पम्मार, थाना डोंगरगढ़ से सउनि विजय साहू, आर. किशन चंद्रा, आर. नरेन्द्र प्रजापति, सायबर सेल से प्र. आर. बसंतराव, आर. अविनाश झा, आर. जोगेश राठौर, आर. अमित सोनी, आर. पुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

### यह सामग्री की गई जब्त

पुलिस टीम द्वारा आरोपी बीरबल वर्मा के कब्जे से 161 नग जम्मू स्पेशल व्हीस्की, 187 नग बोम्बे स्पेशल व्हीस्की, बिना नंबर टीव्हीएस जुपिटर मोपेड, मोबाइल फोन, शराब बिक्री रकम 2,200 एवं आरोपी चंद्रकांत उर्फ सोनू के कब्जे से 1860 नग नकली जम्मू विस्की का नकली स्टीकर, 85 नग नकली गोवा स्पेशल व्हीस्की का नकली स्टीकर, लोहे के औजार, कैंची, मोबाइल फोन तथा आरोपी राजपाल सिंह भाटिया के कब्जे से स्कूटी वाहन जब्त किया गया।

# खाते से उड़ाए 86 हजार रुपए, ठगी का आरोपी दो साल बाद गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ऑनलाइन ठगी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को नई दिल्ली में पकड़ा। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार औंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नरेश कुमार साहू द्वारा थाना औंधी में रिपोर्ट दर्ज कराया गई कि 19 मार्च 2023 को प्रार्थी द्वारा क्रेडिट एवं बीमा संबंधी जानकारी के लिए गूगल सर्च करने पर मिले मोबाइल नंबर से फोन कर जानकारी लेना चाहा। आरोपी द्वारा व्हाट्सअप से लिंक व फॉर्म भेजकर 50 रुपए का पेमेंट करने कहा गया। प्रार्थी ने 50 रुपए का ऑनलाइन पेमेंट कर फॉर्म भेज दिया। प्रार्थी के खाता से अलग-अलग किस्त में कुल 86496 रुपए खाता से पैसा निकलने का मैसेज आया, कट गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना औंधी में धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिसकी गिरफ्तारी हेतु निरीक्षक सतीश साहू के साथ टीम रवाना किया गया। न्यू दिल्ली पहुंचकर आरोपी रवि कुमार 28 साल पता पीडब्लूस 2082/2 मलोया चंडीगढ़ पंजाब को 15 दिसंबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। मामला अजमानती होने से व दूरी अधिक होने से पटियाला हाउस कोर्ट नई दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड लेकर न्यायालय राजनांदगाव में रिमांड हेतु पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश साहू थाना औंधी के नेतृत्व में औंधी पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### न्यू दिल्ली में पकड़ा गया आरोपी

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान प्रार्थी व गवाहों से पूछताछ कर कथन लिया गया। प्रार्थी के बैंक डिटेल से पता चला कि रवि कुमार के खाते में कुल 86496 रुपए गया है। आरोपी का पता तलाश उसके निवास स्थान मालोया चंडीगढ़ पंजाब में जाकर किया गया। आरोपी नहीं मिलने पर फरारी पंचनामा तैयार किया गया । आरोपी का पता तलाश दो-तीन बार जाकर नहीं मिलने पर एवं जार्डन देश फरार होने पर लुक आउट नोटिस जारी किया गया। लुक आउट नोटिस की तर्ज पर आरोपी को न्यू दिल्ली एयरपोर्ट में ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन द्वारा पकड़ा गया।

# जैन ट्रस्ट मंडल के चुनाव में चिंतामणि पार्श्वनाथ भक्त पैनल को मिली जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री जैन श्वेतांबर पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट मंडल का चुनाव आज संपन्न हुआ। ट्रस्ट मंडल के चुनाव में चिंतामणि पार्श्वनाथ भक्त पैनल को जीत मिली। स्थानीय जैन बगीचा में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान की प्रक्रिया जारी रही। वहीं शाम 4 बजे से मतों की गणना प्रारंभ की गई, जो लगभग 18 राउंड चली। ट्रस्ट मंडल के इस चुनाव के लिए 8 सदस्यों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। वहीं पांच सदस्य वाले इस ट्रस्ट मंडल के लिए श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भक्त परिवार का पैनल तैयार किया गया था । इस पैनल में अजय सिंगी, भावेश बैद, जीवनचंद बैद, ललित भंसाली, रोशन गोलछा शामिल थे। ट्रस्ट मंडल चुनाव का परिणाम आते ही इस पैनल में शामिल सभी लोगों की जीत हुई । इधर चुनाव को लेकर सुबह से ही गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। वहीं मतों की गणना शुरू होते ही बाहर समाज के लोगों की भीड़ जुट गई। राउंडवार मिले मतों की उद्घोषणा सुनने के लिए उत्साह नजर आया। वहीं चुनाव परिणाम आने पर पैनल में शामिल सभी लोगों को जीत मिली। इस दौरान चुनाव परिणाम नजदीक आते-आते ही विजयी की ओर बढ़ते प्रत्याशियों को बधाई देने का सिलसिला भी शुरू हो गया। पैनल के सभी विजय प्रत्याशियों ने सबके साथ मिलकर समाज के हित में बेहतर काम करने की बात कही।

### भावेश को मिले अधिक मत

377 मतदाता वाले इस ट्रस्ट मंडल के चुनाव में 345 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए ट्रस्टियों का चुनाव किया। जिसमें भावेश बैद को 280,अजय सिंगी को 264, ललित भंसाली को 251, जीवनचंद बैद को 238, रोशन गोलछा को 229। वहीं मनीष छाजेड़ को 200, निर्मल कोठारी को 24 और राजेश बैद को 87 मत मिले और 2 मत विधिमान्य नहीं पाए जाने से निरस्त किया गया।

### निर्वाचित सदस्य चुनेंगे अध्यक्ष

इस वर्ष आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इस ट्रस्ट मंडल से निर्वाचित 5 ट्रस्टियों द्वारा इनमें से ही अध्यक्ष चुना जाता है और इसके बाद कैशियर मंत्री मनोनीत किए जाते हैं ।

# तीन बच्चों को पागल कुत्ते ने काटा

**मोहला।** मानपुर नगर में एक पागल कुत्ते ने आज कोहराम मचा दिया है। तीन नाबालिक छात्र-छात्राओं को दोपहर बाद एक के बाद एक कुत्ते ने बेरहमी से काट लिया है। जिसके बाद दर्द में व्याकुल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में एंटी रेबीज का डोज लगाया गया। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर बाद मानपुर नगर के आम रास्ते में चल रहे तीन नाबालिक छात्र-छात्राओं को एक पागल कुत्ते ने एक के बाद एक हमला करते हुए बेरहमी से काट लिया है। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी श्री खोबरागढे ने जानकारी देते बताया कि टोमेश पिता चुन्नीलाल 9 साल निवासी नेडगांव तथा शिवानी 12 साल व ताशी साहू 10 साल मानपुर निवासी को एक पागल कुत्ते ने काट लिया है। दर्द में कराह रहे बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने एंटी रेबीज लगाया। इधर नगर में बेखौफ घूम रहे पागल कुत्ता से आम लोगों में दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है। नगरवासियों ने प्रशासन से तत्काल पागल कुत्ता को पकड़ने अपील किया है।



## खबर संक्षेप

### जयंती कार्यक्रम 21 को

**बांधाबाजार।** जरहामहका में आगामी 21 दिसम्बर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि सरपंच मन्नूलाल कंवर, विशिष्ट अतिथि टुम्मनलाल सेन, सरदारीराम सिरमौर, तुलाराम सिरमौर, केमनदास चंदेल, चुम्मन गेंन्द्रे होंगे। जयंती के मौके पर ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए स्वरमाला कुसुमटोला का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### धान की सफाई करने जुटे किसान



**मुसरा।** भानपुरी के किसानों ने धान कटाई कार्य पूरा कर लिया है। मिंजाई के बाद किसान धान बेचने के लिए सफाई करने जुटे हैं।

### संगीत कला में प्रथम आई गांव की छात्राएं



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेन्दरीबन नवागांव के प्राचार्य पीआर सुधाकर के निर्देशन एवं व्याख्याता हेमलता पटेल, बीरेन्द्र देहारी के मार्गदर्शन में वाणिज्य संकाय की छात्रा अंजली, प्रियंका, परमेश्वरी, मुस्कान, भूमिका, तनिशा, संध्या, हिना व लोमेन्द्र ने बालोद में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में हिस्सा लिया।उन्होंने इस आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब वह राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्राचार्य श्री सुधाकर, निमिषा भुआर्य, दुष्यंत साहू, माधव ठाकुर, एसलाल साहू, पुष्पारानी कन्नौजे, निर्मला सूर्यवानी, शोभा खरखटे, आरती धनेन्द्र, भूपेन्द्र साहू, मन्नू ठाकुर, रवि मारकंडे, मोनिका ठाकुर, अवध पटेल आदि ने छात्राओं को बधाई दी है।

### क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन



**छुरिया।** केशोटोला में आदर्श इलेवन क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में छह दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता भानबाई ईश्वर मंडलोई ने की। विशेष अतिथि अंजु धनकर, खिलेश्वर साहू, राजेश्वर ध्रुवे, नैनसिह पटेल थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि क्रिकेट से अनुशासन, टीमवर्क और फिटनेस बनता है इसलिए खेल को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस मौके पर खिलेश्वर साहू, अंजु धनकर ने भी संबोधित किया। इस दौरान टीकम साहू, भुखन धनकर, शंकर मंडावी, भोला नेताम, भानदास साहू, दीनू पुरामे, अजय कलारी, शिव राम, मनोज हिड़मे सहित अन्य मौजूद थे।

### भूपेश बघेल का आत्मीय स्वागत



**डोंगरगढ़।** गुरुवार को राजनांदगांव प्रवास पर पहुँचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने आत्मीय स्वागत किया। स्वागत उपरांत संगठनात्मक विषयों, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों तथा जनहित के मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# बीड़ी कारखाना में बनी भूमिका, फुटबाल को दिया नया मुकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय जेंट्स क्लब भले ही अब इतिहास का हिस्सा बन गया है किंतु फुटबॉल को फर्श से अर्श तक पहुंचाने में उसका योगदान बेहद गौरवशाली है। इसके गठन और विभिन्न स्पर्धाओं के दौरान घटित घटनाएं भी काफी दिलचस्प हैं।

नगर में एक लंबे अंतराल बाद फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया गया है जबकि एक दौर ऐसा भी था जब नगर में होने स्पर्धा का फुटबाल खिलाड़ियों और दर्शकों को बेताबी से इंतजार रहता था। नगर जेंट्स क्लब के माध्यम से होने वाली स्पर्धा में देश की नामी टीमों ने अपना खेल जौहर दिखाया। एक लंबे समय तक शिक्षा और खेल से जुड़े रहे सेवानिवृत्त शिक्षक हीरालाल ढोमने बताते हैं कि पुराने समय में लोकल स्तर पर फुटबॉल स्पर्धा होती थी जिसमें चौखड़िया पारा, बांसपाई पारा राजनांदगांव और नगर की टीम हिस्सा लेती थी जिसे लोग बड़े चाव से देखने पहुंचते थे। लोगों की रुचि को देखते हुए तत्कालीन सरपंच गुलामुद्दीन, झाड़ूराम सोनी, डा अय्यर, कबीर अहमद, श्रीराम बाबू जिनकी बैठक सदर लाइन स्थित सुल्तान बीडी कारखाना में होती थी के मन में क्लब गठन का प्रस्ताव आया और उन्होंने जेंट्स क्लब का गठन कर स्पर्धा के आयोजन की शुरुवात की।

## जेंट्स क्लब का गौरवशाली रहा इतिहास

### अनुदान से बना भवन

जानकारी के अनुसार निरंतर आयोजन को देखते हुए तत्कालीन एडीआईएस एमसी जैन ने क्लब भवन के लिए शासन से अनुदान दिलाया था। क्लब का भवन जेंट्स क्लब मैदान के पास बनाया गया था जो अब भी सलामत है।



### अब भी यादों में हिक शॉट

पुरानी यादों को ताजा करते हुए श्री ढोमने बताते हैं कि डोंगरगढ़ रेलवे और डोंगरगांव की टीम के बीच एक दिलचस्प मुकाबला हुआ था। डोंगरगांव टीम के दौवाराम यादव ने ऐसा हिक शाट मारा था जिसे डोंगरगढ़ के सिटी जान के पुत्र केबिन आज तक नहीं भूल सके है। इस हिक शाट से उपजे कमर दर्द को केबिन जो नैनपुर में कार्यरत है अब तक झेल रहे हैं।

### आ चुके शतुर ब्रदर्स

पुराने समय में डोंगरगढ़ के शतुर ब्रदर्स फुटबाल के लिए काफी प्रसिद्ध रहे हैं। शतुर ब्रदर्स सात भाई थे जो सभी फुटबॉल के अच्छे खिलाड़ी थे। सभी नगर में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं। जेंट्स क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों की रुचि, लगन और समर्पण के चलते शहर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की फुटबॉल स्पर्धा आयोजित हो चुकी है, जिसमें जमशेदपुर, राउरकेला, बीएसपी भिलाई, नीमच , भोपाल सहित अन्य जगहों की नामी टीमें शिरकत कर चुकी हैं।

## बनने लगे जाम के हालात, परिवहन में तेजी लाना आवश्यक

# खरीदी लिमिट बढ़ी, अब किसानों को थोक में मिलने लगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खरीदी शुरू होने के माह भर बाद धान खरीदी ने रफ्तार पकड़ लिया है। धान बेचने किसानों को थोक में टोकन जारी किया गया है। पूर्व में सीमंत किसान को प्राथमिकता के साथ टोकन जारी किया गया था। सोमवार और मंगलवार को आनलाईन एप्स में धान खरीदी की लिमिट डेढ़ से दो गुना तक बढ़ाया गया जिसके बाद मध्यम एवं बड़े किसानों को आसानी से टोकन मिल गया।

किसानों ने बताया कि धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने से उन्हें आसानी से टोकन मिल गया जबकि टोकन के लिए माह भर से प्रयास कर रहे थे। कुछ किसान समिति के चक्कर काट रहे थे। आनलाईन लिमिट बढ़ाने के बाद किसानों को आसानी से टोकन मिल गया है। आने वाले सप्ताह में सभी धान उपार्जन केन्द्रों में आवक बढ़ जायेगी। उपार्जन केन्द्र प्रभारियों ने बताया कि प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ने से लक्ष्य पाने में सुविधा होगी।



### चौबीस घंटे टोकन उपलब्ध

सरकार ने किसानों की टोकन की समस्या से वाकिफ होते हुए आनलाईन टोकन काटने की प्रकिया को 24 घंटे कर दिया है। अब किसान किसी भी समय टोकन काट सकते हैं। सरकार की इस पहल से किसानों में हर्ष का माहौल है। वहीं खरीदी लिमिट बढ़ाने से किसानों को धान बेचने में सुविधा हो रही है।

### बफर से दो गुना स्टाक

जानकारी के अनुसार उपार्जन केन्द्रों में धान का एक बड़ा स्टाक जमा हो गया। धान खरीदी केन्द्र कुकुरमुडा अतरिया, विचारपुर, बुन्देली, संड़ी, ठाकुरटोला, पैलीमेटा, मोहगांव में बफर लिमिट से दो गुना धान का संग्रहण है। अब खरीदी लिमिट बढ़ने के बाद धान खरीदी करने में दिक्कत खड़ी हो सकती है। परेशानी को देखते हुए धान उठाव की मांग उठ रही है।

## जागो ग्राहक जागो कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसराकला

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग राजनांदगांव ने ग्राम के सभागृह में जागरूकता अभियान जागो ग्राहक जागो के तहत जनसमुदाय को उपभोक्ता के अधिकार एवं हितों की जानकारी उपभोक्ता आयोग के सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस ने दी। इस अवसर पर सरपंच गायत्री टेम्भुरकर, सचिव मोहित साहू, पूर्व सरपंच ललिता ठाकुर, पंच शिव टेम्भुस्कर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ललिता ठाकुर, विमलाबाई साहू, हेमलता टेम्भूरकर, संतोषी कोचे एवं पूर्णिमा ने आयोग के कर्मचारियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। उपभोक्त आयोग के यशवंत गहने ने उपस्थितजनों को प्रधानमंत्री कृषि ऋणी, बैंक व बीमा कंपनी के कर्तव्यों से अवगत कराया। पंच शिव कुमार टेम्भुरकर द्वारा आयोग को धन्यवाद ज्ञापित करते ग्रामीणों को उपभोक्ता के कर्तव्यों से अवगत कराया। मुसराकला पंचायत के जागरूक नागरिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों व शंकाओं का उपभोक्ता आयोग के सदस्य श्री वर्गीस ने समाधान किया एवं लोगों से आग्रह किया कि सभा के पश्चात अपने आसपास के लोगों को भी उपभोक्ताओं के अधिकार व कर्तव्य से अवगत कराएं। इस अवसर पर ऑनलाइन केस दायर ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से किए जाने संबंधी जानकारी दी गई। घर बैठे ही शिकायतों के निराकरण हेतु वीडियो कान्फ्रेसिंग के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में बलीराम बंजारे, हुकुचंद वर्मा, रामकिशुन बंजारे, बेदराम वर्मा, ईश्वारी बंजारे एवं हरप्रसाद यादव उपस्थित थे। यह जानकारी संतोष साहू ने दी।

# सतीश बने मंडल भाजपा के महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भाजपा और उसके प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां हुई है जिसमें नगर के लोगों को भी स्थान मिला है। बड़ी उपलब्धि यह है कि नगर की बेटी संगीता जैन जो नारायणपुर की बहू भी है को नारायणपुर जिला महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है।



वहीं पूर्व सांसद अभिषेकसिंह के निकटतम रहे श्रेणिक बोथरा को प्रदेश भाजयुमो में सह कोषाध्यक्ष और सांसद संतोष पांडे के बेहद करीबी सागर वर्मा को प्रदेश कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। जानकारी के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत ने मंडल भाजपा के रिक्त महामंत्री के पद पर अधिवक्ता सतीश पांडे को मनोनीत किया है। इस पद पर इससे पहले डिकेश साहू थे जो अब जिला भाजपा के महामंत्री बन गए हैं। इसी प्रकार अंजू त्रिपाठी को महिला मोर्चा में मंत्री नियुक्त किया गया है।

# जयंती कार्यक्रम और पंथी नृत्य 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

केकराजबोड़ में सतनाम सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में गुरु घांसीदास जयंती एवं पंथी नृत्य का आयोजन आगामी 22 दिसम्बर को किया गया है। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 15001, 10001, 7001, 5001, 4001, 3001 एवं 2001, महिला वर्ग में 7001, 5001, 4001, 3001 एवं 2001 रुपए दिया जाएगा। व्यक्तिगत विधाओं के लिए 500-500 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क पुरुष वर्ग 201 एवं महिला वर्ग 101 रुपए निर्धारित है। मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा होंगी। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सुश्री शताक्षी देवव्रत सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि मोहन सुन्दरानी, खुमान देशलहरे, यशवंत साहू, राधेश्याम बारले, प्राची उपाध्याय, युवराज पाण्डेय, सरपंच सौरभ साहू, पुराणिक वर्मा होंगे।

# शहीद नारायण सिंह को अर्पित किया श्रद्धासुमन

- आजादी में योगदान को किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

नवीन महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया।




प्रारंभ में डॉ. गुप्ता ने बताया कि 1857 की क्रांति में राज्य के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह ने किस तरह आजादी दिलाने और सोनाखान की जनता की भूखमरी को दूर करने के लिये साहूकारों के अनाज से भरे गोदाम को लुटा था जिसके बाद अंग्रेजो ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर में फांसी की सजा दिया था।

सहायक प्राध्यापक रितेश बंजारे ने उनके इतिहास की जानकारी दी। अंत में मौन धारण कर वीर नारायण सिंह की शहादत को नमन किया गया। इस मौके पर वासु दुबे, पूजा देवांगन, रविप्रकाश चतुर्वेदी, डॉ नवीनसिंह राजपूत, मासूम वर्मा, अंजली रामटेक्कर, नेमू साहू, डॉ. साधना वर्मा, शिवम वैष्णव एवं अश्विन गौतम मौजूद थे।

## मनरेगा से मजबूत हुआ ग्राम स्वशासन

# मनरेगा से ग्राम गर्रा को मिला नया पंचायत भवन, अन्य कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत अकुशल रोजगार के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियो के निर्माण पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि ग्रामीण विकास को गति मिल सके। जनपद पंचायत छुईखदान के वनांचल ग्राम पंचायत गर्रा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत नवीन पंचायत भवन का निर्माण किया गया गया है। इस कार्य के लिए कुल 14.15 लाख, जिसमें मनरेगा से 8.15 लाख, 5 लाख मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना एवं 1 लाख 15 वे वित्त से स्वीकृत किया गया था।

### ग्राम पंचायत का परिचय

इस ग्राम पंचायत अंतर्गत 05 ग्राम क्रमशः गर्रा, पटपर, जुझारा, भंडारपुर और कोहकाझोरी शामिल है। वर्तमान मे यहां महिला सरपंच है। ग्राम पंचायत मे कुल 07 महिला पंच एवं 05 पुरूष पंच है। साथ ही कुल जनसंख्या - 1841 है। इस ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम कोहकाझोरी मे विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) के 15 परिवार एवं 62 लोग निवासरत है।

### सुदृढ़ हुई पंचायत व्यवस्था

कई वर्षो से ग्रामवासियों और पंचों की एक ही मांग थी पंचायत भवन सुरक्षित और स्थायी हो। जो मनरेगा से पूरा हो सका। ग्राम पंचायत गर्रा मे मनरेगा एवं अभिसरण से नवीन पंचायत भवन का निर्माण हुआ। जिससे ग्राम के श्रमिकों




को रोजगार भी मिला। नए भवन में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के लिए अलग अलग कक्ष है। एक बड़ा मीटिंग हॉल भी है। पुरूष-महिला के लिए अलग अलग शौचालय की व्यवस्था है। नए पंचायत भवन के बनने से अब ग्राम पंचायत स्तर पर बैठकों के आयोजन के लिए स्थायी और सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध हुआ है। साथ ही पंचायत की सामग्री, अभिलेख और अन्य दस्तावेजों के सुरक्षित रखरखाव की सुविधा भी सुनिश्चित हुई है। इसके परिणामस्वरूप पंचायत कार्यो मे पारदर्शिता, सुगमता और प्रशासनिक दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### पुराना भवन था असुरक्षित

पुराना पंचायत भवन अत्यंत जर्जर एवं असुरक्षित था। कभी भी अनहोनी होने का भय बना था। भवन की उखड़ी हुई फ्लोरिंग और कमजोर संरचना के कारण ग्राम पंचायत बैठको/ग्राम सभा आयोजन, शासकीय अभिलेखो और सामग्री के रखरखाव तथा विभिन्न विकास कार्यक्रमो के आयोजन मे गंभीर असुविधा होती थी। बहुत बार ग्राम पंचायत की बैठक को ग्राम पंचायत के बाहर ही करना पड़ जाता था। बारिश के मौसम मे ग्राम पंचायतों की बैठक करने में बहुत ही ज्यादा असुविधा होती थी। बार-बार मरम्मत कराने में सरकारी धन का अपव्यय होता था। जिसके कारण अन्य विकास कार्यो के लिए राशि की दिक्कत होती थी।

# अरहर में पॉडबोरर के बढ़ते प्रकोप को लेकर कृषि विभाग ने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- 22 सौ हेक्टेयर में लगी फसल

जिले में खरीफ वर्ष 25 अंतर्गत लगभग 22 सौ हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों द्वारा अरहर लगाया गया है लेकिन वर्तमान में फसल में पॉडबोरर फलीबेधक कीट का प्रकोप के चलते उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसे देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए समसामयिक तकनीकी सलाह जारी की है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार पॉडबोरर कीट की लार्वा सूंडी अवस्था सर्वाधिक हानिकारक होती है। यह हरे-भूरे रंग का कीट फली में छेद कर दानों को खाता है और अपने मल से दानों को संक्रमित कर देता है जिससे फलियां सड़ जाती हैं और उत्पादन में गिरावट आती है। उन्होने पॉडबोरर नियंत्रण को लेकर कृषिगत नियंत्रण संबंधी अनुशंसित उपाय को लेकर कहा कि फसल में नाइट्रोजन उर्वरक का अत्यधिक उपयोग न करें। अरहर के साथ सूरजमुखी को अंतरवर्ती फसल के रूप में बोना लाभकारी होता है वही खेत व मेड़ों के आसपास उगी अनावश्यक खरपतवारों को नियमित रूप से हटाना चाहिए।

### दवा छिड़काव की सलाह

यांत्रिक नियंत्रणकों लेकर बताया कि कीट की निगरानी व नियंत्रण के लिए फेरोमोन ट्रैप 12 प्रति हेक्टेयर की दर से लगाना सही होगा। वही जैविक नियंत्रण में नीम आधारित कीटनाशक एजाडिरेक्टिन का 3-4 मिली प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव, रसायनिक नियंत्रण तहत आवश्यकता अनुसार डाइमेथोएट, इमामेक्टिन बेंजोएट, इंडोक्साकार्ब, क्लोरैन्ट्रानिलिप्रोल, स्पिनोसाड में से किसी एक का निर्धारित मात्रा मे प्रयोग करना लाभकारी होगा। वही फूलों की झडने से रोकने कृषि विभाग ने नेफ्थलीन एसीटिक एसिड 40 मिलीग्राम प्रति लीटर पानी और सैलिसिलिक एसिड 100 मिलीग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर फूल आने से पहले और 15 दिन के अंतराल पर उपयोग करने कहा है। विभाग के उपसंचालक राजकुमार सोलकी ने किसानों से अपील की है कि वे फसल की नियमित निगरानी करें और आवश्यकता अनुसार वैज्ञानिक विधि से कीट प्रबंधन अपनाने के साथ दवाओं का प्रयोग अनुशंसित मात्रा में ही करें ताकि अरहर फसल की उत्पादकता व गुणवत्ता में वृद्धि हो सकें।

## मकान नम्बर प्लेट के शुल्क का विरोध



**सड़क अतरिया।** सभी ग्राम पंचायतों में मकान नम्बर प्लेट लगाने का फरमान जारी किया गया। नंबर प्लेट के लिए ग्रामीणों को पचास रूपए का भुगतान करना पड़ रहा है। इस शुल्क का विरोध ग्रामीण कर रहे है। उनका कहना है कि लोहे की टिकिया पर अंकित नम्बर के लिए पचास रूपए लेना अनुचित है। यह पहली बार है जब मकान नम्बर प्लेट के लिए बड़ी राशि भुगतान करना पड़ रहा है। नंबर प्लेट का पचास रूपए लेना ग्रामीणों को रास नहीं आ रहा है। जानकारी के अनुसार मकान नंबर प्लेट के लिए पचास रूपये का लेने पर मोटी रकम जमा होगा। अनुमान है कि एक गांव में लगभग 15 हजार और ब्लाक की 107 पंचायत से लगभग 16 लाख जमा होने की संभावना है जो लागत मूल्य से काफी अधिक है। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि नंबर प्लेट के लिए पचास रूपए लेना अनुचित है।

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION (UGC), NEW DELHI

प्रथम दीक्षांत समारोह में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें माननीय श्री टंकराम वर्मा माननीय मंत्री, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च-शिक्षा, छत्तीसगढ़ -शासन,प्रो. वी.के गोयल अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, सुरेन्द्र कौशिक जी, श्रीमती रंजनी बघेल जी, कुलाधिपति श्री सुशील चन्द्राकर, कुलपति प्रो. बी. एन. तिवारी एवं कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार उपस्थित रहे...




डॉ. ऋचा सेन - बायोटेक्नोलॉजी | डॉ. प्रज्ञा चंद्राकर - एजुकेशन

डॉ. भूपेन्द्र कुमार कुलदीप - माइक्रोबायोलॉजी | डॉ. रोहिणी मुदलियार - सीएसई | डॉ. उमेश कुमार पटेल- हिस्ट्री | डॉ. आस्था चंदेल - मैनेजमेंट | डॉ. प्रवीण वर्मा - इकोनॉमिक्स



डॉ. गीता जुंजानी - कम्प्यूटर साइंस | डॉ. अर्पणा- एजुकेशन | डॉ. खेमलता गोस्वामी - हिंदी | डॉ. श्वेता दुबे - केमिस्ट्री | डॉ. अमित घोष- मैथेमेटिक्स | डॉ. फौजिया - एजुकेशन | डॉ. घनश्याम साहू -सीएसई



डॉ. एकता सारडे- एजुकेशन | डॉ. ज्योति राजपुत - सोशल वर्क | डॉ. ऋतु विश्वकर्मा - एजुकेशन | डॉ. हेमंत कुमार साव - एजुकेशन | डॉ. योगेश कुमार साव - एजुकेशन | डॉ. कुमकुम गुलहरे - हिंदी | डॉ. किरण गौतम - सोशियोलॉजी



डॉ. मंजूलता अग्रवाल - सोशियोलॉजी | डॉ. सरोज पांडेय - साइकोलॉजी | डॉ. पुष्पिता दास गुप्ता - इंग्लिश | डॉ. जागृति जांगडे - इंग्लिश | डॉ. झारेन्द्र - हिंदी | डॉ. नरेन्द्र सोनी - साइकोलॉजी | डॉ. आनंद कुमार गौतम - मैनेजमेंट



डॉ. नीलम त्रेहन - सोशियोलॉजी | डॉ. रीतु ठाकरे - सोशियोलॉजी | डॉ. लक्ष्मी प्रसाद - सोशियोलॉजी | डॉ. नीलकमल - साइकोलॉजी | डॉ. यशवंत श्रीवास्तव - साइकोलॉजी | डॉ. कमलेश कुमार देशमुख - पॉलिटिकल साइंस | डॉ. शाहिना बेगम - हिस्ट्री



डॉ. परमेश्वरी - हिंदी | डॉ. निकिता चतुर्वेदी - सोशियोलॉजी | डॉ. रूपाली शर्मा - सोशियोलॉजी | डॉ. ज्योति सिंह - सोशियोलॉजी | डॉ. ममता शर्मा- सोशियोलॉजी | डॉ. अनिता डरसेना - इंग्लिश | डॉ. अखिलेश सेन - पॉलिटिकल साइंस



डॉ. नंदिनी सिंह - योगा | डॉ. ओमप्रकाश सिंह- योगा | डॉ. चन्द्रकांत सोनवानी - हिंदी | डॉ. रविशंकर साहू - पॉलिटिकल साइंस | डॉ. वंदना चंदेल - पॉलिटिकल साइंस | डॉ. लव कुमार वर्मा - जुलॉजी | डॉ. झरना चन्द्राकर- मैथेमेटिक्स



डॉ. ममिता - मैथेमेटिक्स | डॉ. एम. भाग्यलक्ष्मी - मैथेमेटिक्स | डॉ. वर्षा मिश्रा - कैमिस्ट्री | डॉ. शेषकुमारी - कैमिस्ट्री | डॉ. पुर्णिमा सरोज - कैमिस्ट्री | डॉ. अनुराधा स्वर्णकार - मैथेमेटिक्स | डॉ. अभिषेक शुक्ला- पॉलिटिकल साइंस



डॉ. विद्या साहू - कॉमर्स | डॉ. सुमन स्वर्णकार- कॉमर्स | डॉ. सोमकुमारी- मैथेमेटिक्स | डॉ. तेजन दास साहू - फिजिक्स | डॉ. लुमेश्वरी साहू - फिजिक्स | डॉ. भारती - एजुकेशन | डॉ. निरज केशवराव नागरले - ईटी एंड टी



डॉ. पी.व्ही. संजना - एजुकेशन | डॉ. आशा शर्मा - एजुकेशन | डॉ. मृणाली पात्रेकर- कॉमर्स | डॉ. कन्हैया लाल रजक- कॉमर्स | डॉ. कल्पना साहू - मैनेजमेंट | डॉ. मंजूसा खेडेकर - एजुकेशन | डॉ. शैलजा शुक्ला - एजुकेशन



डॉ. प्रभागिरी - एजुकेशन | डॉ. रेखा त्रिपाठी- एजुकेशन | डॉ. तनुजा चन्द्राकर- एजुकेशन | डॉ. गंगाश्री उजाला- एजुकेशन | डॉ. दुर्गा श्रीवास्तव - एजुकेशन | डॉ. मिनाश्री वर्मा- एजुकेशन | डॉ. रितु अग्निहोत्री- एजुकेशन



डॉ. जपना शर्मा - एजुकेशन | डॉ. जसुधा- एजुकेशन | डॉ. रितीका श्रीवास्तव - एजुकेशन | डॉ. के. रीता राव- एजुकेशन | डॉ. नीलम विकास सुखदेवे- एजुकेशन | डॉ. जयश्री वर्मा- एजुकेशन | प्रो. आर.पी. अग्रवाल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**अपने सपनों के साथ-साथ माता-पिता के सपने साकार करने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं...**

62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप

### निवारण शिविर आज

**सड़क अतरिया।** कलेक्टर एवं जनपद पंचायत के निर्देशानुसार कल शुक्रवार को सभी ग्राम पंचायतों में समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों को मुनादी कर इसकी जानकारी दी गई। ग्रामीण शिविर में शामिल होकर समस्या के निराकरण के लिए पंचायत में आवेदन दे सकते हैं।

### दीप्ति भाजपा से निष्कासित

**डोंगरगांव।** भाजपा और मुख्यमंत्री के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करना महिला मोर्चा की सक्रिय सदस्य दीप्ति ठाकुर को भारी पड़ गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने उन्हे छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव और संगठन महामंत्र पवन साय की अनुशंसा से की गई है। बताया जाता है कि कुछ दिनों पहले तक उन्हे महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाने की चर्चा थी।

### नवागांव में मड़ई 3 को

**डोंगरगढ़।** नवागांव में आगामी 3 जनवरी को मड़ई का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए आकाश चंद्राकर और पायल साहू कृत चिन्हारी लोक मंजीरा रायपुर का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। सरपंच मदनराम देवांगन, उपसरपंच ताराचंद सिन्हा ने आस-पास के ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### स्वास्थ्य शिविर 20 को

**राजनांदगांव।** ग्राम रानीतराई में समता मंच द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 20 दिसंबर को पंचायत भवन में किया जाएगा। शिविर में चिकित्सक द्वारा परीक्षण उपरांत निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया जाएगा। संस्था के सचिव उमेद गिडिया ने ग्रामवासियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की।

### पवनतरा में घासीदास जयंती एवं मड़ई 20 को

**जालबांधा।** समीपस्थ ग्राम पवनतरा में जय सतनाम युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 दिसम्बर को बाबा गुरु घासीदास की 269 वी जयंती एवं मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर ग्राम में 11 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात शाम 4 बजे झंडारोहण एवं पंथी नृत्य व रात्रि में 10 बजे सुनील सोनी कृत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य सुश्री शताक्षी देवव्रत सिंह, विशिष्ट अतिथि भूखन बंजारे, सरपंच राजेन्द्र वर्मा, उपसरपंच दुजराम देशलहरे आदि उपस्थिति रहेंगे।

### झंडातलाव मड़ई 29 को

**एलबी नगर।** ग्राम झंडा तलाव में मंडई मेला का आयोजन आगामी 29 दिसंबर को रखा गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रेम सुमन नाच पार्टी ग्राम बेंदाड़ी का मंचन होगा। यह जानकारी सरपंच मोटिंबाई वर्मा ने दी है।

---

### खैरागढ़ में 24 करोड़ से ज्यादा बिजली बिल बकाया

# सरकारी दफ्तरों का मीटर फास्ट बिजली बिल का भुगतान स्लो

## आंकड़े सरकारी व्यवस्था की खोल रहे पोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

संभाग में बिजली का मीटर तो सभी जगह बराबर घूम रहा है, लेकिन बिल चुकाने की रफ्तार सबकी एक जैसी नहीं है। आम आदमी से बिजली विभाग समय पर भुगतान की उम्मीद ही नहीं, बल्कि मजबूरी भी बनाता है। एक दो महीने बिल नहीं भरा तो सीधे कनेक्शन कट जाता है। वहीं सरकारी दफ्तरों के मामले में हालात बिल्कुल उलट हैं। यहां सालों से बिल बकाया है, लेकिन न मीटर रुका, न लाइन कटी। आंकड़े खुद सरकारी व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। खैरागढ़ संभाग के करीब 50 शासकीय विभागों पर 20 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजली बिल बकाया है। उधर खैरागढ़ क्षेत्र के लगभग 33 हजार निजी उपभोक्ताओं पर भी 4 करोड़ रुपयों से अधिक की राशि लंबित बताई जा रही है। फर्क बस इतना है कि दबाव सिर्फ आम जनता पर है, विभागों पर नहीं।



### वसूली का प्रयास तेज

पचास सरकारी विभाग के 3416 कनेक्शनो में से 2371 में 20 करोड़ और गैर सरकारी में चार करोड़ से उपर की राशि लंबित है। मार्च तक राशि वसूली का प्रयास तेज है।

- **सचिन उत्तरवार,** कार्यपालन अभियंता, सीएसपीडीसीएल

### सबसे ज्यादा बकाया निकायों में

विभागवार बात करें तो सबसे ज्यादा बकाया नगरीय निकायों और पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग का है। नगरीय निकायों पर करीब 8 करोड़ 33 लाख रुपये और ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 10 करोड़ 50 लाख रुपये का बिजली बिल बाकी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, आदिम जाति कल्याण, वन और जल संसाधन जैसे विभाग भी पीछे नहीं हैं। सबका छोटा-बड़ा हिसाब जोड़े तो कुल रकम 20 करोड़ के पार पहुंच जाती है। हैरानी की बात यह है कि जिस सरकारी व्यवस्था से आम जनता को समय पर बिल भरने का पाठ पढ़ाया जाता है, वही व्यवस्था खुद समय पर भुगतान करने में फेल नजर आ रही है। बिजली विभाग का कहना है कि वह लगातार संबंधित विभागों से संपर्क कर रहा है, नोटिस भेजे जा रहे हैं और वसूली का प्रयास किए जा रहा हैं, लेकिन हकीकत यह है कि बीते एक साल में शासकीय विभागों के बकाया में कोई खास कमी नहीं आई। अब सवाल आम लोगों का है क्या ये नियम सिर्फ जनता के लिए हैं। अगर एक आम आदमी का कनेक्शन कट सकता है, तो करोड़ों का बकाया रखने वाले सरकारी दफ्तरों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। जानकारों का कहना है कि अगर समय रहते सरकारी विभागों से बकाया नहीं वसूला गया, तो नुकसान की भरपाई आखिरकार उन्हीं उपभोक्ताओं से होगी जो पहले से ही समय पर बिल भर रहे हैं।

---

## टेकापारकला में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

ब्लॉक के टेकापारकला में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम अध्यक्षता जिपं सभापति दिनेश वर्मा थे। इस दौरान जिपं सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुर्रे, संतोष वर्मा, अशोक वर्मा, हेमलाल वर्मा, भागी वर्मा, दुर्गा वर्मा, रामकुमार वर्मा, रामचंद वर्मा, चंद्रेश वर्मा, दीनू नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

### पारंपरिक खेलों को मिल रहा बढ़ावा

सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई देते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के ग्रामीण खेल आयोजन से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलता है और युवाओं में खेल भावना, अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल में जीत-हार दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण होता हैं। हारने वाली टीमों को निराश न होने की सलाह देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने युवाओं से खेल के माध्यम से अपने शारीरिक व मानसिक विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम मे पुलिस विभाग में चयनित होने पर टेकापारकला के युवा मनीष श्रीवास को मंच पर फूलमाला पहनाकर सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

---

# रामलला दर्शन के लिए छठवीं स्पेशन ट्रेन अयोध्या रवाना

### यात्री हुए भावुक, महापौर-पर्यटन मंडल अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन और काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ शासन की रामलला तीर्थदर्शन स्पेशल ट्रेन आज रवाना हुई। राजनांदगांव से इस वर्ष रवाना होने वाली यह छठवीं ट्रेन थी। जिसमें दुर्ग और बस्तर संभाग के 850 तीर्थयात्री दर्शन हेतु भेजे गए। इस स्पेशल ट्रेन को महापौर मधुसूदन यादव और पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष भरत वर्मा सहित अन्य नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी भगवान रामलला तीर्थदर्शन योजना के तहत पर्यटन मंडल के सहयोग से तीर्थयात्रा स्पेशल ट्रेन राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से बनकर रवाना हुई। इस ट्रेन में दुर्ग और बस्तर संभाग से पहुंचे तीर्थयात्रियों को रवाना किया गया। इस दौरान तीर्थयात्री काफी भावुक नजर आए।

तीर्थयात्रियों के रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उनका फूल-मालाओं और बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। तीर्थयात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन में रेड कारपेट बिछाया गया। वहीं स्टेशन और स्पेशल ट्रेन को सजाया गया था।



### श्रवण कुमार बनकर करा रहे दर्शन

पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया कि राजनांदगांव से श्री रामलला और काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए रवाना होने वाली यह छठवीं ट्रेन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रवण कुमार बनकर प्रदेश की जनता को तीर्थदर्शन करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पुण्य का काम है, इसमें शामिल होने का उन्हें अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 25 हजार तीर्थयात्रियों को इस योजना के माध्यम से दर्शन कराया जाता है। इसमें पर्यटन मंडल नोडल विभाग के रूप में कार्य करता है। उन्होंने इसके लिए पर्यटन मंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

### व्यवस्था की सराहना

श्री रामलला दर्शन के लिए पहुंचे तीर्थयात्रियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा काफी अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्हें बस्तर क्षेत्र से लाने और यहां होटल में ठहरने, आने-जाने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की गई। वहीं भोजन, नाश्ता भी दिया गया। श्रद्धालुओं ने शासन की महत्वाकांक्षी योजना के प्रति कृतज्ञता जताई है।

---

# बेसिक पुलिसिंग के लिए कार्ययोजना करें तैयार



- रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मोहला

पुलिस महानिदेशक ने रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक नव-निर्मित पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेन्टर भवन में लिया ।जिसमें में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण एवं क्षेत्र में नक्सल उन्मुलन पश्चात बेसिक पुलिसिंग क्रियान्वयन के लिये विशेष कार्ययोजना तैयार करने दिये निर्देश दिए।

पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ अरूणदेव गौतम द्वारा 18दिसंबर को रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेन्टर मोहला में ली गई।आयोजित रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक में पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य, मोहला-मानपुर-अं. चौकी पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह, पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव सुश्री अंकिता शर्मा, पुलिस अधीक्षक कवीरधाम धर्मेन्द्र छवैइ, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई लक्ष्य शर्मा, सम्मिलित हुये।

### अपराध संबंधी मामलों की समीक्षा

पुलिस महानिदेशक द्वारा समीक्षा बैठक में लंबित अपराध, मर्ग, गुमइंसान, स्थायी वारंट, 1 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित प्रकरण, पुरक चालान, फरारी में चालान, लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, यातायात अधिनियम के तहत कार्यवाही, अनियमित वित्तीय कम्पनी के लचित प्रकरण, माओवाद,नक्सलवाद के उन्मुलन के तहत मुठभेड़, गिरफ्तार एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर समीक्षा की गई।

### प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण

समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों की शीघ्र निराकरण करने निर्देशित करते हुये क्षेत्र में नक्सल उन्मुलन पश्चात बेसिक पुलिसिंग क्रियान्वित करने विशेष कार्ययोजना तैयार कर थाना स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़,अरूणदेव गौतम द्वारा नवीन जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के रक्षित आरक्षी केन्द्र मोहला में नव-निर्मित पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेन्टर भवन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर अभिषेक शांडिल्य , पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव, श्रीमती तुलिका प्रजापति, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मोहला-मानपुर-अं.चौकी, वाय. पी. सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अं. चौकी, सुश्री अंकिता शर्मा, पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव, धर्मेन्द्र छवैइ, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, लक्ष्य शर्मा, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, एवं जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंबागढ़ चौकी थाना का निरीक्षण

पुलिस महानिदेशक महोदय एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेन्टर मोहला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। रक्षित आरक्षी केन्द्र मोहला के सशस्त्र सलामी टुकड़ी द्वारा पुलिस महानिदेशक को सलामी दी गई। जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी प्रवास दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा जिले के थाना अंबागढ़ चौकी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। थाने की साफ-सफाई एवं रिकार्ड अथतन स्थिति व रख-रखाव उचित रूप से पाये जाने पर थाना प्रभारी एवं स्टाफ की प्रशंसा की।

---

## तीन मामलों में 276 पौवा शराब जब्त

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव पुलिस ने रेड कार्रवाई कर तीन मामलों में 276 पौवा शराब व दुपहिया वाहन जब्त कर तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी तारतम्य 18 दिसंबर को तीन अलग स्थान ग्राम कोकपुर, ग्राम आरी और डोंगरगांव में दबिश देकर अवैध शराब विक्रेताओं से कुल 267 पाव अवैध मदिरा जब्त कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी सारंग बरमाटे 22 साल डोंगरगांव, हरिश निर्मलकर 21 साल ग्राम सालिक झिटिया एवं जितेन्द्र यादव 25 साल कोकपुर के खिलाफ कार्रवाई की है।

---

## आसरा में कॉलेज की मांग एक दशक से लंबित

**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत आसरा के पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण एक दशक से कालेज खोलने की मांग कर रहे हैं, जो अब तक पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सहित आसपास के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए डोंगरगांव या अन्य शहर जाना पड़ता है जो पालकों को काफी भारी पड़ता है साथ ही बच्चों को परेशानी होती है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत आसरा ने 19 जनवरी 2012 को कालेज खोलने का प्रस्ताव किया था। पंचायत ने कालेज के लिए 1.50 लाख अंशदान देने का भी निर्णय लिया था। आसरा में कालेज खोलने की मांग का ग्राम पंचायत शिकारीटोला, बम्हनीभांठा, तेंदूनाला, सांगिनकछार, विचारपुर नवागांव, टप्पा ने समर्थन किया था। जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर डा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बी महोबिया ने 6 फरवरी 2012 को विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के बाद अपना प्रतिवेदन उप संचालक उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित किया था। पूर्व में कई मंत्री कालेज खोलने की मांग की अनुशंसा कर चुके है किन्तु अब तक मांग पूरी नहीं हो सकी है। ग्राम के सरपंच शरद वैष्णव सहित प्रतिनिधियों ने कालेज खोलने की मांग की है।

---

# वस्त्रदान समिति रथ को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़



जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य से जिले में वस्त्रदान समिति द्वारा सघन वस्त्र वितरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान तहत समिति के मार्गदर्शन में शॉल, स्वेटर, कंबल, मोजे, कनटोप, साड़ी, धोती, जैकेट, मच्छरदानी व बालिकाओं, महिलाओं सहित पुरुषों के आधुनिक व पारंपरिक वस्त्र तथा अन्य आवश्यक गर्म कपड़ो का वितरण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में समिति का रथ वनांचल क्षेत्र बकरकट्टा के लिए रवाना हुआ जिसे संगीत विवि की कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने दाऊचौरा वार्ड में शहीद निकेश यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके पिता पुरुषोत्तम यादव को शॉल श्रीफल भेंट किया। समिति सदस्यों का परिचय लेकर उन्होंने समाजसेवा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समिति का यह प्रयास कई जरूरतमंद परिवारों के जीवन में राहत और आशा लेकर आएगा। नपा अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर भी समिति सदस्यों का मनोबल बढ़ाने शहीद निकेश यादव स्मारक पहुंची और उन्होंने शहीद स्मारक को नमन करते हुए वस्त्रदान समिति को नए शॉल, कंबल भेंटकरते हुए कहा कि संगीत नगरी में सेवा कार्यों की परंपरा सनातन काल से चली आ रही है जिसका आत्मनिर्भर अभियान अंतर्गत सार्थक तरीके से संपादन किया जा रहा है। संचालन करते हुए अनुराग तुरे ने बताया कि 6 माह पूर्व जिले के प्रभावित क्षेत्र व नागरिकों के लिए वस्त्रदान की योजना रुपेश कुमार देवांगन, गोविंद सोनी के नेतृत्व में बनी थी जो आज फलीभूत हो रही है। इस अवसर पर मनराखन देवांगन, अनुज देवांगन, विनोद वर्मा, अमीन मेमन, समशुल होदा खान, उत्तम कुमार बागड़े, ऋषिदीप सिंह, वंदना टांडेकर, नीलम राजपूत, किशोर शर्मा, जहीन खान, महेश गिरी गोस्वामी, उमेंद पटेल, नितेश जैन, संजय सिंह, दिनेश टांडेकर, संजय वालेचा, राजू यादव, आकाश तिवारी, मनोहर सेन, रोहन साहू सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित रहे।

---

### जनप्रतिनिधियों ने दर्शनार्थियों का किया स्वागत

# रामलला दर्शन के लिए जिले से 31 दर्शनार्थियों का दल अयोध्या रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

मुख्यमंत्री तीर्थाटन योजना तहत जिले से 31 दर्शनार्थियों का दल रामलला के दर्शन करने अयोध्याधाम रवाना हुआ। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेसरदास साहू की मौजूदगी में दर्शनार्थियों का स्वागत सम्मान बाद बस को राजनांदगांव के लिए रवाना किया गया। दल में ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्ग दर्शनार्थियों के साथ शहर पिव मोर्चा पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास, जितेंद्र यादव, नीलेश यादव, देवेंद्र सिंह सहित अन्य भी शामिल है। इस दौरान जिपं सभापति अरुण सिंह बनाकर, डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र मिश्रा, महेश गिरी गोस्वामी, आलोक श्रीवास सहित प्रकाशचंद्र तारम, सतीश देशलहरे, सीके पांडेय, उपेंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व दर्शनार्थियों के परिजन मौजूद थे।



### दी शुभकामनाएं

इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि लगभग साढ़े पांच सौ साल की लंबी अवधि और संघर्ष बाद रामलला तंबू से निकलकर भव्य मंदिर में विराजे है। मोदी और योगी सरकार ने भव्य मंदिर का निर्माण कराया तो प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश की सुख शांति और खुशहाली को लेकर प्रदेशवासियों को रामलला के निशुल्क दर्शन की सुविधा उपलब्ध करा रहे है। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों से देश प्रदेश और जिले की सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली के लिए श्रीराम से प्रार्थना करने का निवेदन कर सभी को मंगलमय सुरक्षित यात्रा की शुभकामना दी।

---

# राजनांदगांव में शुरू होगी दूसरी आरएफएल फुटबॉल लीग

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी के फुटबॉल प्रेमियों के लिए नए साल की शुरुआत एक बड़े खेल आयोजन के साथ होने जा रही है। राजनांदगांव फुटबॉल लीग (आरएफएल) 2026 का आयोजन 1 से 10 जनवरी तक स्टेट हाइस्कूल ग्राउंड में किया जाएगा। यह फ्लड लाइट 7-ए-साइड फुटबॉल लीग का दूसरा संस्करण है। जिसमें जिले की उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। इस वर्ष लीग में 12 फ्रेंचाइजी टीमें भाग ले रही है। खिलाड़ियों के लिए आयोजित ऑक्शन में 182 पंजीकृत खिलाड़ियों में से 144 खिलाड़ियों का चयन 12 टीमों द्वारा किया गया। आयोजन को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। दर्शकों की सुविधा के लिए मुकाबलों का यूट्यूब पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

### ये है आरएफएल की 12 फ्रेंचाइजी टीमें

इज्जी हार्डवेयर, पद्मावती यामाहा, गुरुदेव इलेवन, अपना मार्ट योद्धाज, काका फुटबॉल, हरिओम ऑटो, हिन्दू युवा मंच, मॉर्निंग इलेवन, बोरिंग फुटबॉल, रीयूनाइटेड फुटबॉल, अमृत स्ट्राइकर्स एवं सुपर द स्ट्राइकर्स। आयोजन समिति द्वारा टीमों को लॉट सिस्टम के माध्यम से दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। पूल 'ए' में अपना मार्ट योद्धाज, हरि ओम ऑटो, रीयूनाइटेड फुटबॉल, काका फुटबॉल, पद्मावती यामाहा एवं हिन्दू युवा मंच को रखा गया है। वहीं पूल 'बी' में बोरिंग फुटबॉल, मॉर्निंग इलेवन, अमृत स्ट्राइकर्स, गुरुदेव इलेवन, इज्जी हार्डवेयर एवं सुपर द स्ट्राइकर्स शामिल हैं। इससे लीग मुकाबले और अधिक प्रतिस्पर्धी व रोमांचक बनेंगे।

### ईनामी राशि भी आकर्षक

विजेता टीम को 71 हजार नगद एवं कप व उपविजेता टीम को 41 हजार नगद एवं कप प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, गोल्डन बूट, बेस्ट गोलकीपर सहित अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे। आयोजन काका फुटबॉल क्लब एवं स्टेट हाईस्कूल ग्राउंड के खिलाड़ियों द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस लीग का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, नशे व अपराध से दूर रखना तथा जिले में फुटबॉल संस्कृति को सशक्त बनाना है।

# हरिभूमि के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# YUGANTAR PUBLIC SCHOOL

Enroll your child in Premier Residential-Cum-Day School




# ADMISSIONS OPEN

Session 2026-27

## Pre-Nursery to IX and XI

**Child-Centered Education**
Our Teaching methods foster independence and a love for learning, empowering your child to explore at their own pace.

**Holistic Development**
We nurture not just academics but also social, emotional, and life skills to prepare your child for a bright future.

**Inspiring Environment**
Our classrooms are designed to spark curiosity and creativity, creating a love for lifelong learning.

**Certified Montessori Educators**
Your child will be guided by passionate, trained Montessori teachers who understand their unique needs.

**Hands-On Learning**
We emphasize experiential learning, where your child's natural talents and interests are encouraged.

## कक्षा XI व XII के लिए विद्यालयीन समयावधि में
## CBSE + NEET/JEE PREPARATION

By Expert Faculties

C-TOP - ACADEMIC PROGRAM NEET/JEE

Foundation Classes From Classes 6th to 9th

Montessori Lab for Kids | Value Based Teaching | Abacus Classes for Kids | Activity Based Learning

No Morning Tiffin Hassle for Moms | Kids' Zone | Phonics & Story Telling

Experience the Best — Unified Services

- 20 Acres of Lush Green Campus.
- Dedicated & Result Oriented Teachers.
- 24x7 Guard Security & Camera Surveillance.
- Well Stocked Library with Reading Room.
- Indoor Play Station : "Kids Zone"- Rides, Swings, Trampoline, Fun & Learning.
- Atal Tinkering Lab
- A.C. Buses
- A.C. Classrooms with Digital Boards.
- Complete Sports Arena (Outdoor & Indoor).
- Pure Vegetarian Delicious Food.
- Personal Attention to each Child.
- Spoken and Personality Development Classes.
- Coding & Artificial Intelligence Classes.
- Daily Condensed Evening Classes, Doubt Clearing & Revision Classes for Hostellers.

## HIRING... TEACHERS
(FOR SESSION 2026-27)

| PGT | TGT/PRT | PPRT | Co-curricular Teachers |
|---|---|---|---|
| Maths, Phy, Chem, Bio, Eco, Acc, English, Hindi, Computer | All Subjects | Montessori Trained | Dance, Music, Art & Sports |

For the above posts PG/UG with B.Ed./ B.P.Ed./ BFA./Min. 3 years exp. in CBSE or any other board — Preference to Experience candidates

Teachers for JEE/NEET — IIT/BE/M.Sc. with 5 years exp. in coaching.

Warden | Male / Female | PG/UG — *Shortlisted candidates will be called for the interview *TA payable for outstation candidates

Salary will be the best in the industry. Accommodation available for out station candidates
- English Fluency is must
- Well versed in computers

Send your resume on Whatsapp/Mail
9302763200 (No Call) yugantar.school@gmail.com

**YUGANTAR PUBLIC SCHOOL**
A DAY CUM RESIDENTIAL SCHOOL
Dist. Rajnandgaon, Chhattisgarh - 491441

**9302763200, 9302763100**

Address - Gram - Parri, G.E. Raod, Rajnandgaon, Chhattisgarh 491441
yugantar.school@gmail.com www.yugantarschool.com

## सार समाचार

### सांसद पांडे ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को दी बधाई



**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडे ने भाजपा कार्यालय नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई देने पहुंचे। श्री पांडे ने नितिन नवीन से सौजन्य मुलाकात कर नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री पांडे ने कहा कि नितिन नवीन छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी रहते हुए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ सरल स्वभाव-सहज व्यवहार के कार्यकर्ताओं से निरंतर आत्मीयता के साथ मुलाकात करना उनकी सहज-सरलता को दर्शाता है। उनके कुशल नेतृत्व रणनीति सोच जमीनी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की कार्यशैली के कारण ही भाजपा को छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत मिली। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा का संगठन और अधिक सशक्त, अनुशासित और प्रभावशाली बनेगा।

### भाजपा में पदाधिकारियों को मिली अहम भूमिका

**मोहला।** भारतीय जनता पार्टी ने आज कई महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियों की घोषणा की है। इस श्रृंखला में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से



प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में भाजपा नेता शमीम तिगाला, आदिल खान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पद पर सैयद अजहरुद्दीन को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राजू कुरैशी को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है और भरोसा जताया है कि ये सभी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। माना जा रहा है कि इन नियुक्तियों से भाजपा को नई ऊर्जा मिलेगी और आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियां और अधिक प्रभावी होगी।

### आज से 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की आरएएमपी योजना के तहत कल 19 दिसंबर से बालोद, गरियाबंद, महासमुंद, कांकेर, कोंडागांव व राजनांदगांव में 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से पाजिटिव मंत्रा कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यम स्थापना की प्रक्रिया, व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय साक्षरता, बैंक ऋण एवं सरकारी योजनाएं, लागत एवं लाभ विश्लेषण, गुणवत्ता मानक, डिजिटल मार्केटिंग, बाजार से जुड़ाव, जोखिम प्रबंधन तथा एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित व्यवहारिक जानकारियां प्रदान की जाएगी। इच्छुक युवा जो स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करना चाहते हैं, स्थापित एमएसएमई उद्यमी, महिला उद्यमी तथा महिला स्व-सहायता समूहों की महिलाएं प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता एवं पंजीकरण प्रक्रिया हेतु अपने संबंधित जिले के जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। 19 दिसंबर से बालोद, गरियाबंद व राजनांदगांव में प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा। 20 दिसंबर से महासमुंद व कांकेर में तथा 22 दिसंबर से कोंडागांव में प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा।

### मनाया गया विश्व साइन लैंग्वेज दिवस

**राजनांदगांव।** आस्था मूकबधिर शाला राजनांदगांव में विश्व साइन लैंग्वेज दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लोकेश कांवडिया, वैशाली व हेमंत तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोकेश कावड़िया ने कहा कि साइन लैंग्वेज विश्व की एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसे सभी देशों में एक समान, सरलता-आसानी से एक जैसा ही समझा जाता है, जो विश्व बंधुत्व को चरितार्थ करती है। कार्यक्रम में दिव्यांग विद्यार्थियों ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी एवं पेंटिंग तथा रंगोली के प्रदर्शनी की गई।

### मीडिया सम्मान से दिनेश सम्मानित

**राजनांदगांव।** कर्मप्रथम चेरिटेबल फाउंडेशन के प्रथम वर्षगांठ पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य वार्षिक समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से प्रदेश स्तर



पर उल्लेखनीय योगदान देने वाले 39 विभूतियों का सम्मान संस्था के बैनर तले किया गया। जिसमें मीडिया सम्मान से छत्तीसगढ़ प्रदेश में वरिष्ठ पत्रकार दिनेश नामदेव को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री से सम्मानित पंडवानी गायिका उषा बारले एवं विशेष अतिथियों में समाजसेवी रविन्द्र सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया एवं संस्था के सीएमडी एवं चेयरमेन बद्रीप्रसाद गुप्ता द्वारा प्रतीक चिन्ह मोमेन्टो, शाल, श्रीफल एवं गुलाब फूल देकर पत्रकारिता जगत के लिए सम्मानित किया गया।

### रूवातला स्कूल में न्योता भोज

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला रूवातला में नवपदस्थ सहायक शिक्षक प्रीतलाल साहू ने अपने जन्मदिवस पर शाला के लगभग 225 बच्चों को चॉकलेट बांटा तथा न्योता भोज में दोसा खिलाया गया। न्योता



भोज में दोसा खाकर सभी बच्चे खुश नजर आए तथा बच्चों ने उपहार में पेन, बुके तथा फोटो गिफ्ट किए। जिसमें शाला समिति के सदस्य और प्रधानपाठक लूनकरण वर्मा, बंदिश नेमपांडे, आरके साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, भारती देखमुख, नीतू वर्मा, प्रेमचंद वर्मा, मो. अमीन कुरैशी, लोकमती वर्मा, सरिता दिनेश साहू आदि उपस्थित थे।

# पत्रकार कालोनी में पेयजल के लिए मिले 49 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव मार्ग पर प्रेस क्लब की निर्माणाधीन पत्रकार कालोनी में पेयजल के लिए 48.88 लाख रुपए की स्वीकृति हुई है। इस राशि से न केवल वहां संपवेल,



बल्कि ओवरहेड पानी टंकी भी बनाई जाएगी। पूरी कालोनी में पाईप लाइन बिछाने के साथ ही पत्रकारों के घरों तक नल कनेक्शन भी दिया जाएगा। इसी के साथ पत्रकार कालोनी में आंतरिक व वाह्य विकास का काम पूर्ण हो सकेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की विशेष पहल और महापौर मधुसूदन यादव के प्रयास से कलेक्टर जितेंद्र यादव ने जिला खनिज विकास मद (डीएमएफ) से यह राशि स्वीकृत की है।

पत्रकार कालोनी में सड़क, नाली, बिजली समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं जुटा ली गई है। विकास कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। शीघ्र ही कालोनी का उदघाटन कराने की भी तैयारी है। ऐसे में पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि व प्रेस क्लब गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन ने प्रतिनिधिमंडल के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से भेंट की थी। इस पर गंभीरता दिखाते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने त्वरित पहल की और महापौर व कलेक्टर को अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। काफी कम समय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) ने कार्ययोजना बनाई और प्रशासन ने तत्काल स्वीकृति दे दी। स्वीकृत कार्यों में 19.18 लाख की लागत से पाईप लाइन विस्तार किया जाएगा। 14.32 लाख रुपए से ओवरहेड टैंक बनेगा। आरसीसी ग्राउंड सर्विस रिजर्व टैंक के लिए 4.31 लाख रुपए की स्वीकृति के अतिरिक्त बस-मर्सिबल पंप, स्वीच रूम, घरों तक टैप कनेक्शन आदि कार्य शामिल हैं।



#### नए वर्ष में मिलेगी पत्रकारों को सौगात

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि पत्रकार कालोनी में पेयजल व्यवस्था के लिए 48.88 लाख रुपए की स्वीकृति डीएमएफ से दी गई है। इस तरह राज्य सरकार ने अब तक 4.36 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पत्रकारों की कालोनी में मूलभूत सुविधाओं के लिए जारी की है। नए वर्ष में शहर के पत्रकारों को उदघाटन के साथ ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। राजनांदगांव की यह कालोनी पूरे छत्तीसगढ़ में पत्रकार साथियों के लिए आदर्श साबित होगी। इस पर प्रेस क्लब व प्रेस क्लब गृह निर्माण समिति ने डॉ. रमन, महापौर यादव व कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

#### अगले 30 वर्ष के आधार पर बनी है पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पत्रकार कालोनी में पेयजल आपूर्ति के लिए जो कार्ययोजना तैयार की गई है, उसका आधार आगामी 30 वर्ष की आवश्यकता को ध्यान में रखा गया है। वर्तमान में कालोनी में 852 की जनसंख्या अनुमानित रखी है, जो 2055 में 1125 आंकी गई है। इसके हिसाब से ही 40 हजार लीटर की क्षमता वाली ओवरहेड टैंक और 25 हजार लीटर वाली संपवेल बनाया जाना है। कालोनी के चारों तरफ 2700 मीटर की पाईप लाइन बिछाई जाएगी। नगर निगम की पाईप लाइन से पहले संपवेल में पानी जमा होगा, जिसे पंप के माध्यम से ओवरहेड टैंक तक पहुंचाया जाएगा। वहां से घरों तक पानी आपूर्ति की जाएगी। बताया गया कि शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद काम भी शुरू करा दिया जाएगा।

## आरटीआई में खुलासा, जांच की उठ रही मांग

# छात्रावासों का हिसाब गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सूचना के अधिकार के तहत कराए गए अवलोकन में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के समस्त प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या, बालक छात्रावास एवं आदिवासी कन्या, बालक आश्रम-शालाओं के वित्तीय अभिलेख में गंभीर रूप से खामियां सामने आई है। जिलेभर के आदिवासी छात्र-छात्राओं के लिए स्थापित 84 हॉस्टल आश्रमों में शिष्यवृत्ति राशि, त्योहारी अवकाशों की बचत तथा मासिक 15 प्रतिशत निधि से किए गए खर्चों से जुड़े कई वर्षों का बिल-व्हाउचर प्रस्तुत नहीं किए गए। जिससे आदिवासी बच्चों के नाम पर मिलने वाली सरकार की लाखों रुपए के शासकीय धनराशि के उपयोग पर बंदरबांट का मामला सामने आया है। कुल मिलाकर हॉस्टल आश्रमों के वार्डन आदिवासी छात्र-छात्राओं के हित की शासकीय राशि बच्चों का निवाला छीनकर मिल बांट के पचा लिए हैं।

उल्लेखनीय की मनीष निर्मलकर की ओर से 11 नवंबर 2025 को सूचना के अधिकार के तहत जिलेभर के तमाम हॉस्टल आश्रम को आवंटित वित्तीय आय, व्यय, क्रय की गई सामग्री की सत्य प्रतिलिपि मांगी गई। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मोहला द्वारा 11 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे अवलोकन हेतु आमंत्रित किया गया। निर्धारित समय पर अवलोकन के दौरान आवेदक को जो अभिलेख दिखाए गए वे अधूरे, असंगत और कई स्थानों पर अप्रमाणिक पाए गए हैं। कई सत्रों के मूल वित्तीय दस्तावेज उपलब्ध ही नहीं कराए गए। जिलेभर के 84 आदिवासी कन्या छात्रावास, कन्या आश्रम, बालक छात्रावास, बालक आश्रमों के सिर्फ चार वार्डन जानकारी लेकर कार्यालय में उपस्थित हुए बाकी 80 वार्डन अवलोकन दिनांक को लापता हो गए।




#### उठी जांच की मांग

शिष्यवृत्ति राशि के बिल-व्हाउचर की उच्च स्तरीय जांच, त्योहारी अवकाश की बचत राशि कहां खर्च हुई, 15 प्रतिशत निधि से खरीदी गई सामग्री का रिकॉर्ड की पड़ताल आदि में जांच की मांग की जा रही है।

#### आवंटन राशि का बंटाधार

शासन का सरकारी हॉस्टल आवास नहीं, यहां से भविष्य तैयार होते हैं। शिष्यवृत्ति, त्योहारी अवकाशों की बचत और मासिक निधियों जैसी व्यवस्थाएं, इसलिए बनाई गई है, ताकि बच्चों को पर्याप्त पौष्टिक आहार, भोजन, जरूर की सामग्री और पढ़ाई के लिए सुरक्षित वातावरण मिल सके, परंतु मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में बच्चों का निवाला छीनकर वार्डन और सहायक आयुक्त कार्यालय अपनी तिजोरी भरने में लगा है।

#### हॉस्टल आश्रमों से यह मांगी गई थी जानकारी

आरटीआई में तीन प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। पहला प्रतिमाह प्राप्त शिष्यवृत्ति राशि से व्यय किए गए खर्चों के बिल-व्हाउचर (सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25), दूसरा दशहरा, दीपावली एवं शीतकालीन अवकाश अवधि के दौरान बची राशि से सामग्री क्रय के बिल-व्हाउचर एवं तीसरा प्रतिमाह 15 प्रतिशत निधि से की गई खरीदी के बिल-व्हाउचर अवलोकन में इन तीनों ही बिंदुओं से जुड़े रिकॉर्ड पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं कराए गए। अवलोकन के दौरान सामने आई स्थिति ने छात्रावास प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, जिन योजनाओं का उद्देश्य आदिवासी छात्र-छात्राओं के भोजन, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है, उन्हीं योजनाओं के तहत खर्च की गई राशि का लेखा-जोखा हॉस्टल आश्रम वार्डनों के पास स्पष्ट नहीं होना पारदर्शिता के दावों को कमजोर करता है।

## छह को मिली अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विधानसभा अध्यक्ष निवास जीई रोड राजनांदगांव में गुरुवार को आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव नगर निगम के दिवंगत कर्मचारियों के 6 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा। इसी प्रकार उन्होंने 01 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 02 आंगनबाड़ी सहायिका को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि आज निगम में कार्यरत 6 दिवंगत कर्मचारियों के परिवार से अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति बहुत आवश्यक है, क्योकि परिवार के मुखिया का यदि आकस्मिक निधन हो जाए तो परिवार के ऊपर हर प्रकार का संकट आ जाता है, अनुकंपा नियुक्ति मिल जाने से थोड़ी राहत मिलती है, जिन्हें आज नियुक्ति पत्र दी जा रही है। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में दिवंगत कर्मचारी के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को नियुक्ति आदेश सौंपा।

#### नियुक्ति आदेश मिलने पर जताया आभार

महापौर यादव ने कहा कि आज नगर निगम के 6 आश्रितों क्रमशः राजा श्रीवास, जितेन्द्र कुलदीप, अतीश मोंगरे, संजय सोनवानी, दुर्गेश कुमार साहू व अजय सिंह राजपूत को उनके दिवंगत पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है। इसी प्रकार बसंतपुर के आंगनबाड़ी में देवकुमारी साहू को कार्यकर्ता एवं मोहारा व पेंड्री के आंगनबाड़ी में सहायिका के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 से अब तक 23 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई। उन्होंने नियुक्ति आदेश देने के लिए डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया।

## मेरा बैग-मेरा स्टाइल अभियान के माध्यम से कपड़े की थैली को बढ़ावा

**राजनांदगांव।** जीतो राजनांदगांव लेडीज विंग द्वारा अपने प्रमुख प्रकल्प "सक्षम" के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को समर्पित "मेरा बैग-मेरा स्टाइल" अभियान का सफल आयोजन हाट बाजार राजनांदगांव में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जीतो परिवार द्वारा उपहार के रूप में प्लास्टिक फ्री भारत की शुरूआत के उद्देश्य से प्लास्टिक के उपयोग को कम करना तथा कपड़े की थैलियों को अपनाने हेतु आमजन को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से दैनिक जीवन में प्लास्टिक के बहिष्कार एवं पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने का सशक्त संदेश दिया गया। अभियान के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग की 15 सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विशेष रूप से जरूरतमंद महिलाओं से पुराने कपड़ों से थैलियां सिलवाकर कचरे से सर्वश्रेष्ठ की भावना को साकार किया गया। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिला स्वावलंबन को भी प्रोत्साहन मिला।

अभियान के दौरान इन आकर्षक एवं पुनः उपयोग योग्य कपड़े के लगभग 400 थैलों का वितरण किया गया। जिससे "प्लास्टिक से जंग,



जितो के संग" का संदेश प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचा। यह आयोजन अध्यक्ष रूचि ललवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका श्रुति नवलखा रही, जिन्हें सह-संयोजिका नेहा कोटड़िया का सहयोग प्राप्त हुआ। अभियान को जीतो रायपुर चैप्टर का भी प्रोत्साहन मिला। जिससे क्षेत्रीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु सहयोग को बल मिला। कार्यक्रम की सराहना करते एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन ने "मेरा बैग-मेरी स्टाइल" जैसी पहल को समय की आवश्यकता बताते जीतो राजनांदगांव लेडीज विंग के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि कपड़े की थैलियों को अपनाने जैसे छोटे-छोटे जीवनशैली परिवर्तन सामूहिक रूप से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

### आज कांग्रेस का भाजपा कार्यालय का घेराव आज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेसी राजनांदगांव स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव कल 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे करेंगे।

राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राहुल तिवारी ने बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली अदालत ने ईडी की एफआईआर को खारिज कर दिया गया। न्यायालय के इस फैसले से साबित हो चुका है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर उन्हें फंसाने का षड़यंत्र रचा जा रहा था। 56-56 घंटे इन्हें पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय में बिठाया जाता रहा, परेशान किया जाता रहा। कांग्रेस हमेशा से ही भाजपा, प्रधानमंत्री मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के ऊपर शासकीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते आ रही है। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश पर राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव एवं शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिले के सभी कांग्रेसी नेताओं व पदाधिकारी घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# धर्म परिवर्तन के बाद भी मिल रहा लाभ अनुच्छेद 342 में संशोधन की मांग

- गर्जना रैली की रूपरेखा बनने तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन के बाद भी उन्हें अनुसूचित जनजाति का लाभ मिल रहा है। जिसको लेकर जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा शहर के पाटीदार भवन में तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहां धर्म परिवर्तन के बाद भी मिलने वाले इस लाभ को लेकर आपत्ति जताई गई है। वहीं अनुच्छेद 342 में संशोधन को लेकर दिल्ली में एक गर्जना रैली का आयोजन करने रूपरेखा बनाई गई, जहां अनुसूचित जनजाति समाज के लगभग 10 लाख लोगों द्वारा इस कानून पर संशोधन की मांग को लेकर दिल्ली कूच किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेशाराम भगत, राष्ट्रीय सह-संयोजक डॉ. राज किशोर हंसदा, रामनाथ कश्यप, प्रकाश उईके सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि अनुसूचित जनजाति के देशभर में तीन प्रतिशत लोग धर्मांत्रित हैं, जिन्हें धर्मांतरण के बाद भी अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को मिलने वाला लाभ मिल रहा है। जबकि दूसरे धर्म में जाने के बाद यह लाभ नहीं मिलना चाहिए।




#### धर्मांतरण के बाद भी मिल रहा लाभ

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व जज प्रकाश उइके ने बताया कि वर्तमान में देश के संविधान में अनुसूचित जाति समुदाय के लिए संवैधानिक प्रावधान यह है कि यदि कोई भी अनुसूचित जाति समुदाय का व्यक्ति हिन्दू, बौद्ध एवं सिख धर्म को छोड़कर अन्य धर्म ग्रहण करता है तो उसे अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा सकता, किन्तु आर्टिकल 342 जो अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित है, उसमें इस प्रकार का कोई प्रावधान नहीं होने से लाखों की संख्या में धर्मांतरण के बाबजूद भी अनुसूचित जनजाति समुदाय के व्यक्ति अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लाभ उठा रहे हैं, जो संविधान निर्माताओं की मूल भावना के विरुद्ध है, किन्तु आर्टिकल 342 की आड में आज भी 75 वर्षों से धर्मांतरित लोग इसका असंवैधानिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

#### मई माह में गर्जना रैली की तैयारी

धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों को अनुसूचित जाति वर्ग का लाभ नहीं देने की मांग को लेकर गर्जना रैली का आयोजन आगामी 22 मई 2026 को किया जाएगा। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वाधान में पूरे देश के 755 अनुसूचित जनजाति समुदाय के दस लाख प्रबुद्धजनों द्वारा संविधान के आर्टिकल 342 में बदलाव को लेकर गर्जना रैली की जाएगी।

### रूद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी की पहल 21 से चिखली मैदान में आयोजन

# देश की नामी 28 टीमों के बीच होगा हॉकी का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग 2025 का आयोजन 21 से 28 दिसंबर तक चिखली स्कूल मैदान में किया जाएगा। 8 दिवसीय इस प्रतियोगिता में देश की चुनिंदा 12 सर्वश्रेष्ठ टीमों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही राज्य के स्थानीय खिलाड़ियों को भी प्रतियोगिता का अवसर प्रदान करने 28 टीमों के बीच मुकाबला कराया जाएगा।

अमरावती एकादश (महाराष्ट्र), आरके रॉय हॉकी अकादमी पटना (बिहार), भोपाल एकादश, सेल हॉकी अकादमी राउरकेला (ओड़िशा), तमिलनाडु एकादश चेन्नई (टीएन), मेंघबरन सिंह हॉकी अकादमी करमपुर–गाजीपुर (यूपी), स्टेट खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बिलासपुर, जिला हॉकी संघ कवर्धा, जिला हॉकी संघ दुर्ग, खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव, जिला हॉकी संघ राजनांदगांव तथा स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर।

#### छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के लिए बड़ा अवसर

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया कि टूर्नामेंट में 50 प्रतिशत टीम छत्तीसगढ़ से और 50 प्रतिशत टीम अन्य राज्यों से रखी गई है। इस अनोखे 50-50 फार्मूला से छत्तीसगढ़ के उभरते खिलाड़ियों को अन्य प्रदेश के खिलाड़ियों के साथ खेलने का सुनहरा अवसर मिलेगा।



#### लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट


प्रतियोगिता को लीग कम नॉकआउट पद्धति में खेला जाएगा। जिससे खिलाड़ियों को अधिक मैच और बेहतर प्रतियोगी माहौल प्राप्त होगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए चिखली स्कूल मैदान में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिन विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, उसमें टीमों के आवास और भोजन की व्यवस्था, मैच ऑफिशियल्स की नियुक्ति, अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता वाले मैच बॉल का उपयोग, मेडिकल टीम एवं आपात व्यवस्था,खिलाड़ियों के आवागमन हेतु वाहन व्यवस्था, पेयजल व अन्य आवश्यक सुविधाएं, आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, बेस्ट प्लेयर एवं बेस्ट दर्शक पुरस्कार की घोषणा शामिल है।

#### ट्रॉफी अनावरण एवं ट्रॉफी टूर

प्रतियोगिता से पूर्व सभी टीमों को दी जाने वाली ट्रॉफियों का भव्य अनावरण किया जाएगा। इसके पश्चात ट्रॉफी टूर निकालकर शहरभर में खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाया जाएगा। बैठक में फिरोज अंसारी, शिवनारायण धकेता, शिव वर्मा, सुनील साहू, छोटेलाल रामटेके, विष्णुनंद चौबे, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, नीलम जैन, भूषण साव, अजय झा, प्रकाश शर्मा, महेंद्र सिंह ठाकुर, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंस भाटिया, मनीष गौतम, दिग्विजय श्रीवास्तव, जीतेन्द्र सिमनकर, चंदन भारद्वाज, योगेश दुबेदी, अभिनव मिश्रा, राजेश निर्मलकर, सुखदेव निर्मलकर, ललित नायडू, सुरेश डेकाटे, दीपेश चौबे, हारुन खान, अगनू साहू, पप्पू यादव, रजा राजपूत, चंदा साहू, भागवत निषाद, लालसिंह साहू सहित अन्य शामिल थे।

### हिंदू जागरण मंच ने मनाई बाबा की जयंती

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में हिंदू जागरण मंच ने गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंच के सदस्यों ने गुरू घासीदास के जीवन और उनके संदेशों को याद किया। गुरू घासीदास एक महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और असमानताओं के खिलाफ आवाज उठाई थी।



# संगठन में तनातनी का असर: युवा और महिला मोर्चा में नियुक्ति अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा ने युवा, महिला मोर्चा सहित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और किसान मोर्चा को लेकर जिला अध्यक्षों की ताजपोशी कर दी है, लेकिन राजनांदगांव जिले में संगठन के बीच चल रही तनातनी का असर है कि यहां युवा और महिला मोर्चा की नियुक्ति अटक गई है। बताया गया जो नियुक्ति अजा और अजजा मोर्चा में की गई है, उसको लेकर भी कई वरिष्ठ भाजपा नेता असंतुष्ट हैं। ऐसे में अब प्रदेशभर में राजनांदगांव भाजपा की किरकिरी देखने को मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश भाजपा ने दो दर्जन से अधिक जिलों में नियुक्ति के लिए पखवाड़ेभर पहले से तैयारियां शुरू कर दी थी। पार्टी सूत्रों की माने तो प्रदेश संगठन ने जिलों से 15 दिसंबर तक मोर्चा प्रकोष्ठों में नियुक्ति करने नाम मंगाए थे। जिला संगठन को कोर ग्रुप की बैठक कर और वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी कर ये नाम भेजने थे, लेकिन जिले में ऐसा किया ही नहीं गया। कुछ वरिष्ठ नेताओं ने यह भी बताया कि संगठन के कुछ जिम्मेदार लोग अपनी मनमानी करने में जुटे हुए हैं। इधर प्रदेश संगठन ने अनुसूचित जाति का जिला अध्यक्ष विजय राय, अनुसूचित जनजाति का जिला अध्यक्ष गोपाल भुआर्य और अल्प संख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ को बनाया है। वहीं महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष का एलान होना शेष है। बताया गया कि आने वाले दिनों में इसकी घोषणा भी कर दी जाएगी।

## प्रदेश की टीम में कई चेहरे शामिल, अजा में विजय, अजजा में गोपाल बने जिला अध्यक्ष

### बिना बैठक तय किए नाम

जिला भाजपा संगठन के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि 15 दिसंबर तक संभावित नाम भेजने से पहले कोर ग्रुप की बैठक होनी थी, लेकिन जिला संगठन के जिम्मेदार लोगों ने बगैर कोर ग्रुप की बैठक किए 11 दिसंबर को ही कुछ नाम प्रदेश संगठन को भेज दिए थे। यह मामला सामने आने के बाद आनन-फानन में एक बैठक दो दिन पहले बुलाई गई थी। हालांकि उसमें भी किसी पद को लेकर कोई नाम नहीं लिए गए।




### मोनू बने प्रदेश भाजयुमो मंत्री

भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में जिले के कई नेताओं को स्थान दिया गया है। मौजूदा भाजयुमो जिला अध्यक्ष को प्रदेश भाजयुमो में मंत्री बनाया गया है। वहीं समीर श्रीवास्तव, श्रेणिक बोथरा, सौरभ चौहान, अशोक वर्मा सहित मुकेश साहू को भी प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। ऐसे ही महिला मोर्चा में भी जिले से आभा तिवारी, रेखा मेश्राम, कनक दुबे, प्रतिक्षा भंडारी, सुषमा कोठारी, किरण वैष्णव को शामिल किया गया है।

### उम्र बंधन बना चिंता का विषय

पार्टी सूत्रों की माने तो भाजयुमो जिला अध्यक्ष के लिए प्रखर श्रीवास्तव, पिंटू वर्मा जैसे नाम चल रहे थे, लेकिन 35 की जगह अब 32 साल की उम्र बंधन के चलते यह दावेदार रेस से बाहर हो गए हैं। अब जिला भाजयुमो अध्यक्ष के लिए नीरज यादव, चिंटू सोनकर, उज्जवल कसेर, आशुतोष सिंह सहित शिवम यादव जैसे नाम शामिल हैं। हालांकि नाम तय करने को लेकर भी जिला भाजपा में तनातनी देखने को मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### मोपेड़ में ले जा रहा था शराब, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोपेड़ में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में सोमनी पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 35 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु शराब परिवहन करने वाले आरोपी गेंदू उर्फ गेंदलाल पारधी 22 साल निवासी ग्राम बोईरडीह को ग्राम ककरेल के पास पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 35 पौवा शोले देशी प्लेन 6.3 बल्क लीटर कीमती 2800 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोपेड टीवीएस जुपीटर जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## माए एंगल




### एमपी आबकारी की सील, महाराष्ट्र से मंगाए गए थे नकली स्टीकर

# शराब की अवैध पैकिंग का गिरोह पकड़ाया, नकली स्टीकर भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी में करीबन आठ महीने पहले पकड़े गए नकली शराब यूनिट का अब तक मुख्य सरगना पुलिस के हाथों नहीं आया है। वहीं इस बीच अब ऐसा ही दूसरा मामला सामने आ गया है। इस बार भी डोंगरगढ़ ब्लॉक में ही आरोपियों द्वारा शराब की नकली पैकिंग की तैयारी की जा रही थी, जिस पर एक्शन लेते हुए पुलिस ने जहां तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इनसे नकली स्टीकर सहित बड़ी मात्रा में सामान की जब्ती की गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को मुखबीर के जरिये पुलिस को सूचना मिली। जिसके आधार पर टीम बनाकर एक्शन लेते ग्राम मुसराखुर्द शीतला मंदिर के पास स्थित एक मकान में दबिश दी गई। इस कार्रवाई में पुलिस द्वारा अवैध शराब के भंडारण एवं बिक्री की साजिश का समय रहते भंडाफोड़ किया गया। बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई, जहां दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर विधिवत तलाशी ली गई। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम बीरबल वर्मा पिता आनंद वर्मा 45 वर्ष निवासी ग्राम मुसराखुर्द, चन्द्रकांत उर्फ सोनू सेन पिता स्व. ख्याली राम सेन 28 वर्ष निवासी ग्राम छीपा जिला राजनांदगांव बताया। पकड़े गए आरोपी के निशानदेही पर तीसरा आरोपी बलबीर सिंह भाटिया देवरी महाराष्ट्र को पकड़ा गया।





### कई ब्रांड के लेबल पकड़ाए

आरोपी चंद्रकांत उर्फ सोनू के कब्जे से 1860 नग नकली स्टीकर, अन्य ब्रांडों के लेबल, लोहे के औजार, कैंची एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि राजपाल सिंह भाटिया निवासी देवरी महाराष्ट्र द्वारा शराब एवं नकली लेबल उपलब्ध कराए गए थे, जिन्हें बाजार में खपाने की योजना थी, किंतु राजनांदगांव पुलिस की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से बिक्री से पहले ही पूरे रैकेट का पर्दाफाश कर दिया गया।

### 60 लीटर शराब भी जब्त

घटनास्थल पर तलाशी के दौरान 161 मू स्पेशल व्हीस्की (28.980 बल्क लीटर) एवं 187 नग बॉम्बे स्पेशल व्हीस्की (33.660 बल्क लीटर) बरामद की गई। शराब के पौवों पर छत्तीसगढ़ आबकारी के नकली स्टीकर तथा ढक्कनों पर मध्यप्रदेश आबकारी का सील पाया गया। जिससे स्पष्ट हुआ कि शराब को अवैध रूप से छत्तीसगढ़ में बेचने की पूरी तैयारी थी। इसके अतिरिक्त बिना नंबर टीव्हीएस जुपिटर मोपेड, मोबाइल फोन, भारी मात्रा में नकली स्टीकर, लेबल एवं उपकरण जब्त किए गए।

### आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई

उक्त प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2), 59-क आबकारी अधिनियम तथा धारा 339, 336(3), 340(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से सभी को जेल दाखिल कर दिया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक डोंगरगढ़ संतोष जायसवाल, प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक विनय पम्मार, थाना डोंगरगढ़ से सउनि विजय साहू, आर. किशन चंद्रा, आर. नरेन्द्र प्रजापति, सायबर सेल से प्र. आर. बसंतराव, आर. अविनाश झा, आर. जोगेश राठौर, आर. अमित सोनी, आर. पुनेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

### यह सामग्री की गई जब्त

पुलिस टीम द्वारा आरोपी बीरबल वर्मा के कब्जे से 161 नग जम्मू स्पेशल व्हीस्की, 187 नग बोम्बे स्पेशल व्हीस्की, बिना नंबर टीव्हीएस जुपिटर मोपेड, मोबाइल फोन, शराब बिक्री रकम 2,200 एवं आरोपी चंद्रकांत उर्फ सोनू के कब्जे से 1860 नग नकली जम्मू विस्की का नकली स्टीकर, 85 नग नकली गोवा स्पेशल व्हीस्की का नकली स्टीकर, लोहे के औजार, कैंची, मोबाइल फोन तथा आरोपी राजपाल सिंह भाटिया के कब्जे से स्कूटी वाहन जब्त किया गया।

# खाते से उड़ाए 86 हजार रुपए, ठगी का आरोपी दो साल बाद गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ऑनलाइन ठगी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को नई दिल्ली में पकड़ा। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार औंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नरेश कुमार साहू द्वारा थाना औंधी में रिपोर्ट दर्ज कराया गई कि 19 मार्च 2023 को प्रार्थी द्वारा क्रेडिट एवं बीमा संबंधी जानकारी के लिए गूगल सर्च करने पर मिले मोबाइल नंबर से फोन कर जानकारी लेना चाहा। आरोपी द्वारा व्हाट्सअप से लिंक व फॉर्म भेजकर 50 रुपए का पेमेंट करने कहा गया। प्रार्थी ने 50 रुपए का ऑनलाइन पेमेंट कर फॉर्म भेज दिया। प्रार्थी के खाता से अलग-अलग किस्त में कुल 86496 रुपए खाता से पैसा निकलने का मैसेज आया, कट गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना औंधी में धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिसकी गिरफ्तारी हेतु निरीक्षक सतीश साहू के साथ टीम रवाना किया गया। न्यू दिल्ली पहुंचकर आरोपी रवि कुमार 28 साल पता पीडब्लूस 2082/2 मलोया चंडीगढ़ पंजाब को 15 दिसंबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। मामला अजमानती होने से व दूरी अधिक होने से पटियाला हाउस कोर्ट नई दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड लेकर न्यायालय राजनांदगाव में रिमांड हेतु पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश साहू थाना औंधी के नेतृत्व में औंधी पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### न्यू दिल्ली में पकड़ा गया आरोपी

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान प्रार्थी व गवाहों से पूछताछ कर कथन लिया गया। प्रार्थी के बैंक डिटेल से पता चला कि रवि कुमार के खाते में कुल 86496 रुपए गया है। आरोपी का पता तलाश उसके निवास स्थान मालोया चंडीगढ़ पंजाब में जाकर किया गया। आरोपी नहीं मिलने पर फरारी पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी का पता तलाश दो-तीन बार जाकर नहीं मिलने पर एवं जार्डन देश फरार होने पर लुक आउट नोटिस जारी किया गया। लुक आउट नोटिस की तर्ज पर आरोपी को न्यू दिल्ली एयरपोर्ट में ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन द्वारा पकड़ा गया।

# जैन ट्रस्ट मंडल के चुनाव में चिंतामणि पार्श्वनाथ भक्त पैनल को मिली जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री जैन श्वेतांबर पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट मंडल का चुनाव आज संपन्न हुआ। ट्रस्ट मंडल के चुनाव में चिंतामणि पार्श्वनाथ भक्त पैनल को जीत मिली। स्थानीय जैन बगीचा में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान की प्रक्रिया जारी रही। वहीं शाम 4 बजे से मतों की गणना प्रारंभ की गई, जो लगभग 18 राउंड चली। ट्रस्ट मंडल के इस चुनाव के लिए 8 सदस्यों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। वहीं पांच सदस्य वाले इस ट्रस्ट मंडल के लिए श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भक्त परिवार का पैनल तैयार किया गया था। इस पैनल में अजय सिंगी, भावेश बैद, जीवनचंद बैद, ललित भंसाली, रोशन गोलछा शामिल थे। ट्रस्ट मंडल चुनाव का परिणाम आते ही इस पैनल में शामिल सभी लोगों की जीत हुई। इधर चुनाव को लेकर सुबह से ही गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। वहीं मतों की गणना शुरू होते ही बाहर समाज के लोगों की भीड़ जुट गई। राउंडवार मिले मतों की उद्घोषणा सुनने के लिए उत्साह नजर आया। वहीं चुनाव परिणाम आने पर पैनल में शामिल सभी लोगों को जीत मिली। इस दौरान चुनाव परिणाम नजदीक आते-आते ही विजयी की ओर बढ़ते प्रत्याशियों को बधाई देने का सिलसिला भी शुरू हो गया। पैनल के सभी विजय प्रत्याशियों ने सबके साथ मिलकर समाज के हित में बेहतर काम करने की बात कही।

### भावेश को मिले अधिक मत

377 मतदाता वाले इस ट्रस्ट मंडल के चुनाव में 345 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए ट्रस्टियों का चुनाव किया। जिसमें भावेश बैद को 280,अजय सिंगी को 264, ललित भंसाली को 251, जीवनचंद बैद को 238, रोशन गोलछा को 229। वहीं मनीष छाजेड़ को 200, निर्मल कोठारी को 24 और राजेश बैद को 87 मत मिले और 2 मत विधिमान्य नहीं पाए जाने से निरस्त किया गया।

### निर्वाचित सदस्य चुनेंगे अध्यक्ष

इस वर्ष आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इस ट्रस्ट मंडल से निर्वाचित 5 ट्रस्टियों द्वारा इनमें से ही अध्यक्ष चुना जाता है और इसके बाद कैशियर मंत्री मनोनीत किए जाते हैं।

# तीन बच्चों को पागल कुत्ते ने काटा

**मोहला।** मानपुर नगर में एक पागल कुत्ते ने आज कोहराम मचा दिया है। तीन नाबालिक छात्र-छात्राओं को दोपहर बाद एक के बाद एक कुत्ते ने बेरहमी से काट लिया है। जिसके बाद दर्द में व्याकुल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में एंटी रेबीज का डोज लगाया गया। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर बाद मानपुर नगर के आम रास्ते में चल रहे तीन नाबालिक छात्र-छात्राओं को एक पागल कुत्ते ने एक के बाद एक हमला करते हुए बेरहमी से काट लिया है। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी श्री खोबरागढे ने जानकारी देते बताया कि टोमेश पिता चुन्नीलाल 9 साल निवासी नेडगांव तथा शिवानी 12 साल व ताशी साहू 10 साल मानपुर निवासी को एक पागल कुत्ते ने काट लिया है। दर्द में कराह रहे बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने एंटी रेबीज लगाया। इधर नगर में बेखौफ घूम रहे पागल कुत्ता से आम लोगों में दहशत का वातावरण निर्मित हो गया है। नगरवासियों ने प्रशासन से तत्काल पागल कुत्ता को पकड़ने अपील किया है।




RJGN_BHOOMI_19_2025-08_Layout 1 18-Dec-25 10:41 PM Page 1





## खबर संक्षेप

### भाजपा मण्डल कुण्डा का आत्म निर्भर भारत एवं एसआईआर के संबंध में बैठक आयोजित

**हरिभूमि कुण्डा।** कुण्डा भाजपा मण्डल कुण्डा द्वारा आत्म निर्भर भारत एवं एसआईआर के संबंध में चर्चा को लेकर आवश्यक बैठक विधायक कार्यालय कुण्डा में आयोजित किया गया। वहीं मंगलवार को जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में भाजपा मण्डल कुण्डा के समस्त पदाधिकारी एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ अध्यक्ष बीएलए-2 का अहम बैठक विधायक कार्यालय कुण्डा में आयोजित किया गया, जिसमें आत्म निर्भर भारत एवं एसआईआर के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। वही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में चुनाव सुधार पर संसद की कार्यवाही देखी गई एवं सुनी गई तत्पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत हॉट बाजार में स्वदेशी समान की उपयोग करने जन-जागरूक किया एवं दुकानों में स्टिकर चस्पा किया गया। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, मनहरण साहू, कृष्णा चंद्राकर, सेवाराम, संतोष चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, गणेश यादव, श्रीमती सरिता वैष्णव, अश्वनी यदू, रमन खनूजा, मुकेश यदु, शशांक शर्मा, सुरेश साहू, साहेब लाल सोनवानी, सूरज यादव, मोटू महाराज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### राष्ट्रीय पेंशनर दिवस पर बैठक आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** बुधवार को राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर स्थानीय बापू की कुटिया पेंशनर्स भवन नर्मदेश्वर शिवमन्दिर के पास, कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा में बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित की गई। साथ ही दिवंगत पूर्व पदाधिकारियों को भी श्रद्धासुमन अर्पित की गई। पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष यशवंत देवांगन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें संरक्षक डॉ नरेश कुमार यदु, डॉ ऐ के श्रीवास्तव, डॉ सुरेश चन्द मिश्रा, अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पवन कुमार यदु, फिरन्ता राम यादव, सचिव दिलीप कुमार ठाकुर, सह सचिव कमलेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राम सागर कौशिक, सह कोषाध्यक्ष कंवल प्रसाद शर्मा, मिडिया प्रभारी राजू श्रीवास्तव, गणेश सिंह ठाकुर जिला प्रवक्ता प्रकाश देवांगन, दिनेश कुमार साहू, जिला कार्यालय प्रभारी अय्यूब खान व कार्यकारिणी सदस्य कैलाश शरण सिंह, धनश्याम ठाकुर, बलवता लाल भट्ट, प्रताप मांडी, श्रीमती सुलोचना डहरिया, श्रीमती राजकुमारी चंद्रावती तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। उक्त बैठक में डॉ नरेश कुमार यदु, प्रताप चन्द्रवंशी, केपी शर्मा, प्रकाश देवांगन, राम सागर कौशिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

जनपद और नगरीय निकाय स्तर पर होगा जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन

# सुशासन सप्ताहः प्रशासन गांव की ओर अभियान का होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में जनपद पंचायत स्तरीय एवं नगरीय निकाय स्तर पर 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन होगा। यह आयोजन जिले के जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रो में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जन समस्या निवारण शिविर द्वारा मांग शिकायत एवं अन्य विषय से संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करते इसकी जानकारी प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा सभी जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय को पत्र जारी कर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि भारत सरकार प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग तथा राज्य शासन के निर्देशानुसार 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन किया जाएगा।

अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन के विभिन्न विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन चिन्हांकित स्थानो में होगा तथा शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याएं मांग आदि विषयों का निराकरण किया जाएगा। प्रथम जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन 19 दिसंबर को जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत सिल्हाटी के हाई स्कूल परिषर में होगा। इसी तरह 22 दिसंबर को जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बिरकोना हाई स्कूल परिषर, 23 दिसंबर को जनपद पंचायत पंडरिया के मोहगांव हाई स्कूल परिपर एवं 24 दिसंबर को जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत बैजलपुर पूर्व माध्यमिक स्कूल परिषर में शिविर का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि नगरीय निकाय स्तर पर 20 दिसंबर को नगर पंचायत बोड़ला, 22 दिसंबर को नगर पालिका कवर्धा, सहसपुर लोहारा, इंदौरी, पांडातराई एवं पिपरिया तथा 23 दिसंबर को नगर पालिका पंडरिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### शिविर में होगा लोगों की मांग एवं शिकायतों का निराकरण



सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला स्तरीय शिविरों में समस्त जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा जनपद स्तरीय एवं समस्त नगरीय निकाय में आयोजित शिविरों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की मांग एवं समस्याओं को सुनेंगे। सभी शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किए जाने के लिए जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय को निर्देशित किया गया है। यह शिविर निर्धारित दिनांक एवं स्थान पर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सभी आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री होगी तथा ऑनलाइन एंट्री करने का दायित्व संबंध जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों को सौपा गया है। साथ ही शिविरों की तिथि का व्यापक प्रचार करने के लिए सर्व संबंधितों को निर्देश दिए गए हैं। शिविर के संबंध में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है तथा आम जनता से अपील की जाती है कि वह अपने क्षेत्र के शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्या एवं मांग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिसका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। जिला एवं जनपद स्तर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर के लिए सीईओ जिला पंचायत नोडल अधिकारी होंगे तथा नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों हेतु नोडल अधिकारी संबंधित नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी होंगे।

## भगवान की कृपा से मानव तन व सत्संग मिलता हैः पं आनंद उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



महिला नारी शक्ति समिति और पंडरिया वासियों द्वारा आयोजित राम कथा में शंकराचार्य के शिष्य धर्मानन्द पंडित आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि मानव जीवन बहुत दुर्लभ है, भगवान की कृपा से प्राप्त होता है। इसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। भगवान ने भवसागर से पार जाने के लिए, अपना कल्याण करने के लिए, मोक्ष प्राप्त करने के लिए यह मानव तन दिया है। यह मानव तन भगवान का भजन करने के लिए मिला है। भगवान की भक्ति करने के लिए मिला है। भगवान की कृपा से प्राप्त सत्संग के द्वारा हमें विवेक की प्राप्ति होती है, विवेक से पता चलता है कि सत्य क्या है और असत्य क्या है? भगवान शिव ने कहा कि भगवान का भजन सत्य है भगवान सत्य हैं। विवेक के बिना भव सागर से पार नहीं जाया जा सकता। कथा सत्संग के द्वारा हमें यह ध्यान दिलाया जाता है कि संसार के कार्यो में भगवान को मत भूलो, भजन को मत भूलो भगवान का भजन करने के लिए ही और भगवान को पाने के लिए ही यह मानव तन भगवान ने दिया है। परमात्मा ने एक अवसर दिया है कि हम अपना मंगल कर सकें कल्याण कर सकें। हमारा मंगल कैसे होगा, हमारा कल्याण कैसे होगा ? इसकी जानकारी भगवान के कथा से होती है सत्संग के द्वारा होती है। हम कथा क्यों सुनते हैं ? हम कथा इसलिए सुनते हैं कि हमारे जीवन की व्यथा दूर हो, जाए हमारे जीवन का दुख दूर हो जाए, हमारा अज्ञान दूर हो जाए, हमारी अविद्या दूर हो जाए हमें ज्ञान की प्राप्ति हो, हमें भक्ति की प्राप्ति हो हमें वैराग्य की प्राप्ति हो, हमें सुख मिले, आनंद मिले, भगवान का धाम मिले, भगवान की प्राप्ति हो इसलिए कथा सुनते हैं। कथा से मोक्ष और भगवान के चरणों भक्ति दोनों मिल जात है। जब हम संत के पास जाये और दर्शन हो तो ये पुण्य का प्रभाव है और जब संत स्वयं आ कर दर्शन दें तो ये भगवान की कृपा है।

### राष्ट्रीय रजक महासंघ जिला इकाई बिलासपुर का गठन



**हरिभूमि कुण्डा।** राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ की जिला इकाई बिलासपुर का गठन सर्वसम्मति से किया गया। यह बैठक संत गाडगे भवन, जराहाभाठा, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर में महासंघ के राष्ट्रीय सचिव काशीराम रजक के मुख्य आतिथ्य एवं महानगर अध्यक्ष विजय रजक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ संत गाडगे महाराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। बैठक में महानगर इकाई के पदाधिकारियों का परिचय दिया गया तथा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन की आगामी कार्ययोजना एवं सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई। राष्ट्रीय सचिव काशीराम रजक ने संगठन को मजबूत बनाने, समाज को एकजुट करने तथा पदाधिकारियों से अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने संत गाडगे महाराज के बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, संस्कार, सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि महासंघ द्वारा प्रदेश स्तर पर समाज की प्रतिभाओं, वरिष्ठ समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला एवं महानगर की संयुक्त बैठक में जिला इकाई बिलासपुर का गठन किया गया। रामधन रजक, एमआर कौशिक, चंद्रकुमार निर्णेजक, उदासीराम कर्ष, ओमप्रकाश निर्मलकर सहित अन्य वरिष्ठजनों को संरक्षक बनाया गया। बहोरन कर्ष को जिला अध्यक्ष, सुशील निर्मलकर को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव, सहसचिव, सलाहकार, प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी सहित विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की घोषणा की गई। समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से शिक्षा प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों से जुड़े शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का संचालन रामबाबू कर्ष ने किया तथा आभार प्रदर्शन रामचंद्र कर्ष द्वारा किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

# गुरु घासीदास जयंती पर निकाली रैली और दिया मनखे मनखे एक समान का संदेश

- विशाल रैली निकालकर मनखे-मनखे एक समान का दिया संदेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में बाबा गुरू घासीदास जयंती बड़ी धूमधाम व उत्साह पूर्वक मनाया गया। वहीं सतनाम पंथ के अनुयायी द्वारा विशाल गुरुद्वारा तथा जोड़ी जैतखाम और गुरु गद्दी की स्थापना की गई है, जिस पर सुबह से देर शाम तक भुईया नापते हुए सतनाम पंथ के अनुयाई ने गुरु द्वारा में प्रवेश लेकर जोड़ा जैतखाम और गुरु गद्दी की प्रार्थना कर संकल्प लिया गया। वहीं 18 दिसंबर जयंती के अवसर पर चौका-मंगल आरती और पंथी नृत्य के साथ मनाई गई।

18 दिसम्बर बाबा गुरू घासीदास जयंती पर गांव के प्रमुख चौक चौराहे व गली मोहल्ले से विशाल रैली निकालकर मनखे-मनखे एक समान, सत्य ही ईश्वर है- ईश्वर ही सत्य है, जानो छानो तब मानो और सतनाम-सतनाम का संदेश कि नारे लगाकर जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। साथ ही साथ



जोड़ा जैतखाम व गुरु गद्दी में श्वेत का पालो चढ़ाया गया तथा पान-प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज के महन्त भंडारी साटीदार एवं सतनाम समाज के अनुयायियों बड़ी संख्या में उपस्थित थें। इसी तरह 18 दिसंबर बाबा गुरू घासीदास जयंती को गुरु पर्व के रूप में ग्राम डबराभाट, घुकसा, नेवारी, सिंघनपुरी, हरिनछपरा, जेवडन खुर्द, बांझीमौहा, राम्हेपुर कला, चंदनपुर, मरपा, खुंटू, रंहगी, बुधवारा, प्रभाटोला में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई।

## हरिनछपरा में बाबा घासीदास जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

ग्राम हरिनछपरा में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम समारोह में सरपंच रेखा धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपसरपंच सत्यनारायण भारती, समाज सेवक देवप्रसाद जांगड़े, आनंद दास बघेल, चंद्रकुमार लहरें, राजू चतुर्वेदी, रामेश्वर लहरें,जलेश बघेल, जीवन लहरें एवं छड़ीदार भंडारी ने जयंती समारोह में जैतखाम की पूजा- अर्चना कर श्वेत का पालो चढ़ाया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया कि बाबा गुरु घासीदास के सत्य अहिंसा मनखे-मनखे एक समान, अंधविश्वास से दूर रहने, नशा -पान नहीं करने का उपदेश दिया साथ ही साथ ऊंच- नीच के भेदभाव मिटाने के लिए गुरु घासीदास ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया,उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है।

### सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरुघासीदास की जयंती पर अर्जुन तिवारी ने बताया जीवन-दर्शन को समाज के लिए प्रेरक



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष पंडरिया अर्जुन तिवारी ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरुघासीदास की जयंती के अवसर पर उनके जीवन और दर्शन को स्मरण करते हुए कहा कि बाबा गुरुघासीदास छत्तीसगढ़ की संत परंपरा में सर्वोपरि स्थान रखते हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत, ऊंच-नीच, पशुबलि और कुप्रथाओं का विरोध कर मानवता, समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। श्री तिवारी ने कहा कि मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर बाबा गुरुघासीदास ने समाज को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य की साधना के साथ सात्विक जीवन, सामाजिक जागृति और मानव सेवा को अपना लक्ष्य बनाया। छत्तीसगढ़ में उनकी जयंती 18 दिसंबर से पूरे माह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है। बाबा गुरुघासीदास का जीवन-दर्शन आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

## पोंड़ी में आचार्य योगेश भारद्वाज का एक दिवसीय उद्बोधन 21 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी



महान देशभक्त एवं शिक्षा के प्रबल संवाहक स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस की पुण्य तिथि पर सनातन संस्कार समिति के तत्वाधान में 21 दिसंबर को एक दिवसीय उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पोंड़ी स्थित गायत्री गुरुकुल स्कूल परिषर में आयोजित किया जाएगा। वहीं इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। उल्लेखनीय है कि सनातन संस्कार समिति द्वारा पूर्व में भी कई बड़े वैचारिक एवं राष्ट्रवादी उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें गौतम खट्टर एवं डॉ पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ जैसे प्रखर वक्ताओं ने अपने विचार रखे हैं। इस बार क्रांतिकारी सनातन वैदिक प्रवक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे अपने उद्बोधन में राष्ट्रभक्ति, सनातन संस्कृति एवं हिंदुत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार दोपहर 3 बजे से होगा। साथ ही साथ पतंजलि योग शिक्षक के तत्वाधान में पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। शिविर में श्वास रोग, चर्म रोग, डायबिटीज, कब्ज, मोटापा सहित विभिन्न रोगों का प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जाएगा। जिसमें हरिद्वार से अनुभवी चिकित्सक पोंड़ी पहुंचेंगे, जो रोगियों की जांच कर रोगानुसार उपचार प्रदान करेंगे। समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम एवं चिकित्सा शिविर में सहभागिता करने की अपील की।

## नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के 435 हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई-कुकदूर

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुई बाजार स्थल पर बुधवार को आयोजित निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य जांच एवं औषधि वितरण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। यह शिविर आयुष संचालनालय छत्तीसगढ़ के सौजन्य से एवं जिला आयुष अधिकारी कबीरधाम डॉ संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी डॉ दीपक चंद्रवंशी (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) के नेतृत्व में डॉ सुरेन्द्र चंद्रवंशी एवं डॉ पवन साहू द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य जांच, परामर्श तथा उपचार किया गया।

शिविर के दौरान सामान्य रोग, जोड़ दर्द, पाचन संबंधी समस्याएं, सर्दी-खांसी सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क आयुष औषधियां वितरित की गई। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट दुर्गा प्रसाद मरावी, यशवंत साहू, भरत हलवाई, औषधालय सेवक गंगाधर मरावी, धरम सिंह मछिया सहित अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। इस शिविर से आसपास क्षेत्र के कुल 435 हितग्राहियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं दवाई वितरण का लाभ प्राप्त किया। आयुष विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई।



## ठाकुर पीयूष सिंह बने भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक विस्तार के तहत ठाकुर पीयूष सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन नेतृत्व ने उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, अनुशासित कार्यशैली एवं युवाओं के बीच प्रभावी नेतृत्व को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। ठाकुर पीयूष सिंह ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की। विद्यार्थी परिषद में रहते हुए, उन्होंने जिला संयोजक विभाग संयोजक एवं प्रदेश सहमंत्री जैसे दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके पश्चात भारतीय जनता युवा मोर्चा में वे जिला महामंत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री जैसे पदों पर रहकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। संगठनात्मक दायित्वों के साथ-साथ वे जनसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं। पूर्व में वे कवर्धा जनपद पंचायत में निर्विरोध जनपद सदस्य एवं सभापति के रूप में क्षेत्र के विकास, जनकल्याण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यो का सफल संचालन कर चुके है उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में भाजयुमो छत्तीसगढ़ युवाओं को संगठित कर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

### क्षेत्रवासी आयोजन को सफल बनाने में जुटे

## नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 23 दिसंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶मोहगांव

धर्म नगरीय मोहगांव में गौरक्षा, ग्राम सुरक्षा एवं विश्व कल्याण की मंगलकामना हेतु 23 से 31 दिसम्बर तक नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कथा का आयोजन किया जाएगा। बताया जाता है कि ग्राम मोहगांव में पहली बार भव्य आध्यात्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है, जिससे ग्रामवासियों व आसपास के क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ साथ ही साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियों जोर शोर से किया जा रहा है। ग्राम मोहगांव में महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रातः एवं सायं कीर्तन, हवन, पूजन तथा विभिन्न विद्वान संत-महात्माओं द्वारा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। ग्राम में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने तथा गौरक्षा एवं लोककल्याण के संदेश को समाज तक पहुंचाने की विशेष तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि यह महायज्ञ समाज को आध्यात्मिक शक्ति, आपसी एकता और धर्म-संस्कृति की मजबूती प्रदान करेगा। ग्रामवासी व क्षेत्रवासी इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं



### छात्राओं को नि:शुल्क सायकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल सिंगारपुर-खैरबना में कक्षा नवमीं के छात्राओं की निःशुल्क सरस्वती सायकिल का वितरण जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेन्द्र साहू, नरेश साहू भाजपा मण्डल अध्यक्ष द्वारा किया गया। विद्यालय के कुल 26 छात्राओं को इस योजना का लाभ मिला। उक्त कार्यक्रम में मण्डल उपाध्यक्ष गनपत धुर्वे, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बैतल राम साहू, ग्राम पंचायत सिंगारपुर खैरबना के सरपंच जीवन साहू, कोमल साहू पंचगण, पालकगण, स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# जनहित के मुद्दो व जनमानस की समस्याओं को प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र





हरिभूमि
24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण की 24वीं

## स्थापना दिवस की

# हार्दिक शुभकामनाएं





**विजय शर्मा**
उपमुख्यमंत्री, कवर्धा विधायक
पंचायत व गृह मंत्री छ.ग. शासन

**खबर संक्षेप**

## इकराम खान को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मुस्लिम समाज से कवर्धा से इकराम खान को दी गई है। इस नियुक्ति से इकराम खान के समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। वहीं श्री खान ने प्रदेश व भाजपा व जिला भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए विश्वास व्यक्त कि या है कि पार्टी ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी है उसका निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

# जिले में भोरमदेव अभयारण की तरह पंडरिया का जंगल भी भगवान भरोसे

- सरेराह हरेभरे पेड़ों में चल रही कुल्हाड़ी, वनअमला कड़ाके की ठंड में दुबका

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

जिले के भोरमदेव अभ्यारण की ही तरह वन परिक्षेत्र पंडरिया के जंगल भी भगवान भरोसे ही नजर आ रहे हैं। जहां वन विभाग की नाक के नीचे जंगलों में तमाम अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही है। वनो की अवैध कटाई से लेकर वन्यप्राणियों का शिकार, वन भूमि में अवैध खनन सब कुछ धड़ल्ले से जारी है। वहीं दूसरी तरह वन विभाग का अमला कड़ाके की इस ठंड रजाई ताने सो रहा है न तो जंगलो में गस्ती दल घूमते दिखता है और न ही कभी विभाग के आला अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचते हैं। जिसका बेजा फायदा मौका परस्त उठा रहे हैं और अपने नापाक मनसूबों को बड़े ही बेखौफ ढंग से अंजाम दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उप वन मंडल पंडरिया के पूर्व परिक्षेत्र अंतर्गत मुनगाडीह गौठान के समीप सड़क किनारे एक ही स्थान पर हरे-भरे सागौन के पेड़ों की लगातार कटाई ने वन सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थिति यह है कि मुख्य सड़क के किनारे खुलेआम सागौन काटे जा रहे हैं, जिससे यह सवाल उठना लाजमी है कि जब यह हाल सार्वजनिक मार्गों का है, तो बीहड़ और अंदरूनी जंगलों की स्थिति कैसी होगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि उप वन मंडल पंडरिया पहले से ही अवैध लकड़ी कटाई और वन्यजीव शिकार के मामलों को लेकर सुर्खियों में रहा है, लेकिन इसके बावजूद जमीनी स्तर पर नियंत्रण के ठोस संकेत नहीं दिखते। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार नियमित गश्त की भारी कमी है, जिससे लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि कई अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय में निवास नहीं करते, जिससे निगरानी और त्वरित कार्रवाई केवल फाइलों तक सीमित रह गई है। दूसरी ओर, विभाग अपने मूल उद्देश्य वन संरक्षण और वन्य जीव सुरक्षा को पीछे छोड़कर निर्माण कार्यों पर अधिक ध्यान देता नजर आ रहा है, जबकि जंगल लगातार कटते जा रहे हैं। मुनगाडीह की यह घटना केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे पंडरिया उपवन मंडल की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल है। यदि सड़क किनारे सागौन सुरक्षित नहीं हैं, तो अंदरूनी जंगलों में हरियाली किस हाल में होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मुख्यालय में नहीं रहते वनकर्मी व अधिकारी



अधिकांश वनकर्मी अपने मुख्यालय में नहीं रहते और शहरों से आना जाना करते हैं वहीं कुछ स्थानों पर तो पद रिक्त हैं जिसके चलते जंगल की सुरक्षा भगवान भरोसे हो गई है। जंगलों की अवैध कटाई के पीछे वनकर्मियों की अपने मुख्यालयों में नहीं रहना प्रमुख कारण है। विगत कुछ वर्षों से देखा जा जा रहा है कि अधिकारियों का वन क्षेत्रों में दौरा लगभग नहीं के बराबर ही होता है। खासकर वनमंडलाधिकारी तो जैसे पंडरिया क्षेत्र में न आने की कसम खा चुके हैं। रेंजर और एसडीओ भी गाहे बगाहे किसी विशेष अवसर पर ही आकर चले जाते हैं जिससे भी अमले पर दबाव नहीं बनता और उनके भीतर अपने कार्तव्यों के प्रति गैरजिम्मेदारी की प्रवृति को बढ़ावा मिलता है। वनवासियों का कहना है कि पहले खासकर जब यह क्षेत्र बिलासपुर जिले के अंतर्गत आता था तब सर्किल मुख्यालयों में प्रायः रेंजर का साप्ताहिक दौरा होता था। उप वनमंडलाधिकारी महीने में और डी एफ ओ भी दो तीन महीने में आ धमकते थे जिसके कारण पूरा अमला अपने अपने मुख्यालय में नियमित निवास कर अपने कर्तव्यों का सजग हो कर निर्वहन करते थे।

**प्रदर्शन:** भाजपा सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी, लगाए हिटलर तथा तानाशाही के आरोप

# जिला कांग्रेस कमेटी ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर घेरा भाजपा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा गुरूवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर जिला भाजपा कार्यालय कवर्धा का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठ कांग्रेसी भारी जोश, ऊर्जा और एकजुटता के साथ इस प्रदर्शन में शामिल हुए और भाजपा सरकार पर तानाशाही व बदले की राजनीति का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। भाजपा कार्यालय घेराव के पूर्व शहर कांग्रेस कार्यालय के सामने एक जनसभा का भी आयोजन किया। जिसमें उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में माननीय न्यायालय का फैसला भाजपा द्वारा रचे गए झूठे षड़यंत्र की करारी हार है और यह साबित करता है कि सत्य को कितनी भी साजिशों से दबाया जाए, अंततः जीत सच की ही होती है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारे पर ईडी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेतृत्व को बदनाम करने का प्रयास किया गया, लेकिन कांग्रेस पार्टी न डरने वाली है और न झुकने वाली है, वह संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार है। इसी क्रम में पूर्व विधायक ममता चंद्राकार ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए लगातार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देंगे और जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने की भाजपा की हर कोशिश को नाकाम करेंगे। पूर्व मंडी अध्यक्ष लालजी चन्द्रवंशी ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ झूठे मामलों के जरिए भाजपा देश में डर का माहौल बनाना चाहती है, पर आज का फैसला उन लाखों कार्यकर्ताओं की जीत है जो सत्य और न्याय में विश्वास रखते हैं, यह फैसला देश के लोकतंत्र को और मजबूत करता है। पूर्व जिला अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में आया यह निर्णय भाजपा की नकारात्मक राजनीति का अंत है और यह साफ संदेश है कि सत्ता के बल पर सच्चाई को दबाया नहीं जा सकता, कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के अधिकारों, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए मजबूती से खड़ी रहेगी। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड प्रकरण में हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वय श्रीमती सोनिया गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज एफआईआर को माननीय न्यायालय द्वारा रद्द किया जाना केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि पूरे देश की जीत है। पूर्व राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक मनीष शर्मा ने कहा कि भाजपा ने इस मामले के जरिए जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और जनविरोधी नीतियों से हटाने की कोशिश की, लेकिन अब सच्चाई सामने आ चुकी है। भाजपा कार्यालय के घेराव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। शांतिपूर्ण और संगठित तरीके से हुए इस प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि कांग्रेस पार्टी भाजपा की तानाशाही सोच और बदले की राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से लगातार विरोध करती रहेगी। अंत में नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प है। कांग्रेस पार्टी आगे भी भाजपा के हर षड़यंत्र का डटकर मुकाबला करेगी और सत्य की जीत के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित नवीन जायसवाल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, लालजी चंद्रवंशी, श्रीमती ममता चंद्राकर, नीलकंठ चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी, वीरेंद्र जांगड़े, जगमोहन साहू, अशोक ठाकुर, गोपाल चंद्रवंशी, चौकी लाल साहू, पीतांबर वर्मा, सतीश सिंह, मो. कलीम खान, विजय पाण्डेय, विकास केसरी, आकाश केसरी, हितेश चंद्रवंशी, तुकाराम चंद्रवंशी, महेंद्र कुंभकार, भोला चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी, दुपता गढ़वाल, सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।



### दो बैरिकेट तोड़कर पहुंचे भाजपा कार्यालय परिसर

जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में गुरूवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन एवं भाजपा कार्यालय घेराव के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की संख्या भी अच्छीखासी देखने को मिली और जोश भी भरपूर था। कांग्रेस के घेराव को रोकने के लिए वैसे तो पुलिस प्रशासन ने खासे इंतजाम किए थे शहर कांग्रेस कार्यालय से भाजपा कार्यालय पहुंच मार्ग में कुल तीन बैरिकेट लगाए गए थे। लेकिन कांग्रेसियों ने एक नहीं बल्कि दो बैरिकेटों को पुलिस की मौजूदगी में ही तोड़ दिया वहीं एक बैरिकेट को तोड़ने की जरूरत ही नहीं पड़ी और कांग्रेस भाजपा कार्यालय परिसर तक पहुंच गए। जहां उन्होने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अपना घेराव कार्यक्रम फतह करने की खुशी जाहिर की।

# संत गुरू घासीदास बाबा के संदेश से समाज को मिली एकता और मानवता की प्रेरणाः उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

- उप मुख्यमंत्री ने कीं विकास के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

संत शिरोमणि गुरू घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती के पावन अवसर पर ग्राम मगरदा, कवर्धा, बिसनपुरा में आज आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्रद्धा, भक्ति के साथ उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संत गुरू घासीदास बाबा के आदर्शों को नमन करते हुए संत गुरू घासीदास गुरुद्वारा एवं जैतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर जैतखाम में ध्वज स्थापित किया तथा फूल-माला अर्पित की। उन्होंने संत गुरू घासीदास बाबा का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा के मनखे-मनखे एक समान होने का विचार आज भी समाज को समानता, सद्भाव और मानवता का संदेश देता है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट-मुलाकात की, उनका हाल-चाल जाना और समाज के उत्थान से जुड़े विषयों पर आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने मगरदा में संत गुरू घासीदास बाबा मंदिर परिसर में सामने बाउंड्री वाल के लिए 10 लाख रूपए, मंच निर्माण के लिए 3.5 लाख रूपए एवं ग्राम बिसनपुरा में मेन रोड से गांव तक पहुंचने के लिए सीसी रोड निर्माण एवं मंगल भवन के लिए 6.5 लाख रुपया की घोषणा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, गणपत बघेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल सुनील साहू समाज के नागरिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। संत गुरु घासीदास बाबा ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखे-मनखे एक समान, आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। गुरु जी ने अपने जीवन में मानवता, एकता और समृद्धि का मार्ग दिखाया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बांधने और आपसी भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि जिले में 306 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसका शिला स्थापना मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया है।



# ग्राम बिजई में धूमधाम से मनाई गई बाबा की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭बिजई

ग्राम बिजई में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर गांव में गाजे बाजे तथा मंगल पंथी गाते बजाते झूमते हुए बड़ी धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात बाबा गुरूघासीदास की पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाव किया गया। जिसमें गांव से समस्त सियान भाई, बहने, माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की।

# ग्राम खपरी में मोबाइल नेटवर्क की बदहाली से ग्रामीण उपभोक्ता परेशान, व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से 25 किलो मीटर दूर विकासखण्ड कवर्धा ग्राम खपरी के ग्रामीण इन दिनो मोबाईल नेटवर्क की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और इस गंभीर समस्या के चलते ग्रामीणों के कई आवश्यक कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया के ग्राम खपरी में जियो कपंनी लगा हुआ है बावजूद इसके ग्राम खपरी सहित आसपास के गांव झलमला, चचेड़ी, फांदातोड़, बिटकुली में जियो कम्पनी का नेटवर्क इतना कमजोर है की आम नागरिकों को मोबाईल से बात करने बार-बार काल ड्राप की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इंटरनेट का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को तो और भी ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इंटनेंट सही ढंग से नहीं चलने के कारण वे कोई भी ऑनलाईन कार्य नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते इस व्यवसाय से जुड़े दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ग्रामीण अनीश चंद्रवंशी ने बताया की जियो के खराब नेटवर्क के चलते उन्होने अपना जियो का सिम दूसरे कम्पनी में पोर्ट करा लिया है अब उसमे अच्छा नेटवर्क है। वहीं अनुराग चंद्रवंशी ने कहा की जियो कंपनी अपने विज्ञापनों में बेहतरीन नेटवर्क और तेज इंटरनेट का दावा करती है लेकिन ग्राम खपरी क्षेत्र में हकीकत बिल्कुल विपरीत है। आलम ये है कि महिनेभर का रिचार्ज कराने के बाद भी उपभोक्ताओं को नेटवर्क की मूलभूत सुविधाएं नही मिल पा रही है यह उपभोक्ता के साथ सीधा धोखा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि गांव में विद्युत आपूर्ति ठप होने की स्थिति में मोबाइल का नेटवर्क ही गायब हो जाता है। उन्होने बताया कि इस समस्या को लेकर उपभोक्ता लगातार जियो कंपनी के कस्टमर केयर अधिकारियों को अपनी परेशानियों से अवगत करा चुके है लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा कम्पनी के अधिकारियों से व्यवस्था सुधार की मांग की है।



### अशोका स्कूल में मनाई गई बाबा की जयंती



**कवर्धा।** शहर के प्रतिष्ठित अशोका पब्लिक विद्यालय में मनखे-मनखे एक समान की गूंज आज सुनाई दी, जब गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह आयोजन केवल एक जयंती समारोह नहीं, बल्कि विचारों की क्रांति और मानवीय मूल्यों का जीवंत उत्सव बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय संचालक पवन देवांगन, संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन तथा प्राचार्य एसएल नापित एवं लोकनाथ देवांगन के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुरु घासीदास बाबा के तैलचित्र पर माल्यार्पण की गई। इसके पश्चात बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, सांस्कृतिक गीत, नाटक, सामूहिक भजन एवं विचार मंचन ने बाबा के संदेशों को जीवंत कर दिया। मंच से हर प्रस्तुति समानता, सत्य, अहिंसा और मानव गरिमा का संदेश दे रही थी। विशेष आकर्षण रहा कक्षा 5 वीं के हरसहज कौर, आराध्या योगी, लीजा बर्मन, नित्या चंद्रवंशी, अन्वेषा चंद्रवंशी केजल खरसन, नोविता श्रीवास पद्मिनी साहू बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत प्रेरक नाट्य-प्रस्तुति, जिसमें सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार करते हुए गुरु घासीदास बाबा के विचारों को वर्तमान समय से जोड़ा गया। दर्शक दीर्घा में बैठे लोग कई क्षणों तक भावविभोर दिखाई दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन देवांगन ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिनका दर्शन आज भी समाज को सही दिशा देने में सक्षम है। उक्त सभी जानकारी विद्यालय मीडिया प्रभारी अशोक कुमार इनवाती द्वारा दी गई।

**समाज के लोगों ने नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा, जयंती को लेकर दिखा उत्साह**

# नगर सहित अंचल में हर्षोल्लास से मनाई गई बाबा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 18 दिसम्बर को सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरूघासीदास की जयंती कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा कवर्धा नगर में बाबा गुरूघासीदास जी की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला, पुरूष तथा बच्चों ने हर्षोल्लास से हिस्सा लिया। गौरतलब है कि आज से करीब 273 वर्ष पूर्व सत्य के मार्गदर्शक गुरू बाबा घासीदास का जन्म गिरौधपुरी में बाबा महंगुदास के घर हुआ था। उस समय छूआछूत का बोलबाला था और बाबा गुरूघासीदास लोगों की इस भावना से काफी दुखी थे। बचपन से ही सत्य के मार्ग पर चलने वाले बालक घासीदास आगे चलकर सबको मनखे मनखे एक हैं का पाठ बढ़ाते हुए सत्य के मार्ग पर चलने प्रेरित किया। सतनाम पंथी बाबा गुरूघासीदास पर अटूट आस्था और विश्वास रखते हैं। अपनी इसी आस्था व विश्वास को चरित्रार्थ करते हुए 18 दिसम्बर को समाज के लोगों ने अपने घरों, पारा, मुहल्ला तथा ग्रामों में बाबा गुरूघासीदास जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा भजन, कीर्तन का आयोजन किया। इस अवसर पर बाबा की गद्दी की पूजा कर जैतखाम में ध्वजारोहण किया गया। वहीं कवर्धा नगर में गुरूवार को जयंती के मौके पर सतनामी समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजन के बाद दोपहर को बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बाबा गुरूघासीदास की भव्य झांकी सजाई गई थी। गाजे, बाजे, डीजे साऊंड तथा नृत्कों तथा भजन मण्डली से सजी इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला, पुरूष तथा युवक, युवतियां तथा बच्चे शामिल थे। इससे पूर्व सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरूघासीदास जी की जयंती के मौके पर पूजा, पाठ, ध्वजा रोहण आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुल मिलाकर जिला मुख्यालय कवर्धा सहित समचे अंचल में गुरूघासीदास जयंती की धूम रही।



# टीचर्स एसोसिएशन की आपत्ति बाद डीईओ ने अपना आदेश किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के आपत्ति के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने अंततः अपने ही आदेश को निरस्त कर दिया है। दरअसल यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के विपरीत था। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नव रायपुर द्वारा सोलह जून 2025 को जारी पत्र के अनुसार सहायक शिक्षक से लेकर प्राचार्य तक शालेय शिक्षकों को शिक्षा सत्र के अंत तक पुनर्नियुक्ति प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। शासन के इस पत्र में सेवानिवृत्ति पश्चात पुनर्नियुक्ति पाने वाले सहायक शिक्षक से लेकर प्राचार्य तक के शिक्षकों को संस्था प्रमुख अर्थात प्रधान पाठक व प्राचार्य पद में यथावत बने रहने का कहीं भी कोई उल्लेख नहीं है। सामान्यतः छत्तीसगढ़ शासन की मंशा यह होता है कि शिक्षा सत्र के मध्य में शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने से शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए सहायक शिक्षक से लेकर प्राचार्य तक शिक्षकों को शिक्षा सत्र के अंत तक पुनर्नियुक्ति प्रदान किया जाता है। इसके बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम के द्वारा छग शासन के निर्देश के विपरीत पुनर्नियुक्ति प्राप्त शिक्षकों सत्रांत तक संस्था प्रमुख बने रहने का आदेश जारी कर दिया गया था। इसी तारतम्य में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफ. आर. वर्मा से मुलाकात कर शासन के निर्देश के विपरीत दस दिसंबर 2025 को जारी आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग रखा, जिसके बाद डीईओ अपने आदेश को अंततः निरस्त कर दिया है। इस दौरान प्रमुख रुप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, रविन्द्र चन्द्रवंशी, रंगलाल बारले, देवानंद चन्द्रवंशी, दिलीप धुर्वे, उमेश चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, चतुर मेरावी, राजेन्द्र तलवरे, विनोद राजपूत, पन्ना लोधी, नकुल वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, शिव धुर्वे, विजय लांझियाना आदि उपस्थित थे।